www.cgfrontline.com

# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

■ वर्ष: 01 ■ अंक: 69 ■ जशपुर, 28 अक्टूबर 2026 (बुधवार) ■ पृष्ठ: 08 ■ मूल्य: 01 रूपये

## मुख्यमंत्री कैबिनेट की बैठक में लिए गए 19 बड़े फैसले

❒ छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मुख्यमंत्री निवास में कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए -

### धान खरीदी 15 नवंबर से

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में 15 नवंबर 2026 से धान खरीदी होगी। 27.50 लाख से अधिक किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अधिकतम 21 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदी होगी। पिछले साल के पंजीकृत किसानों को दोबारा पंजीयन की जरूरत नहीं। बायोमेट्रिक आधारित खरीदी होगी। 360 नए उपार्जन केंद्र सहित कुल 3100 केंद्रों पर खरीदी होगी।

### बिजली बिल में राहत जारी

एम-ऊर्जा योजना के तहत 200 यूनिट तक बिजली बिल में रियायत जारी रहेगी। 400 यूनिट तक खपत वाले उपभोक्ताओं के लिए पात्रता अवधि 30 सितंबर 2026 से बढ़ाकर 31 मार्च 2027 की गई। 7.25 लाख उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा।

### सड़क ठेकेदारों को राहत

बिटुमिन (डामर) की कीमत बढ़ने पर ठेकेदारों को क्षतिपूर्ति दी जाएगी। सीजीआरडीए के कार्यों के लिए 130.88 करोड़ रुपये और राज्य वित्त पोषित कार्यों के लिए 70 से 100 करोड़ रुपये की राहत।

### सरकारी कर्मचारियों को कैशलेस इलाज

शासकीय सेवकों और उनके आश्रित परिवारों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा को मंजूरी। सूचीबद्ध अस्पतालों में ऑनलाइन पूर्व-अनुमोदन से इलाज मिलेगा।

### मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन 2026

5 साल (2026-27 से 2030-31) के लिए 500 करोड़ रुपये (100 करोड़ प्रतिवर्ष) का मिशन। लोक निर्माण विभाग नोडल विभाग, सीजीआरआईडीसीएल क्रियान्वयन एजेंसी।

### मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन

'पर्यटन से समृद्धि' के ध्येय से 5 साल के लिए 500 करोड़ का मिशन। होमस्टे और निजी निवेश को बढ़ावा।

### अन्य फैसले

राजनीतिक आंदोलन से जुड़े प्रकरण वापस लेने की मंजूरी, नगर पंचायत कूंरा का नाम बदलकर कुंवरगढ़ किया गया, औद्योगिक नीति 2024-30 में संशोधन, 1000 करोड़ से अधिक की कोल गैसीफिकेशन परियोजनाओं को विशेष पैकेज, 295 किमी लंबी कटघोरा-तखतपुर-मुंगेली-कवर्धा-खैरागढ़-डोंगरगढ़ रेल परियोजना (8000 करोड़) को मंजूरी, राज्य का हिस्सा 1000 करोड़, रिडेवलपमेंट योजना के तहत दुर्ग, रामानुजगंज, जशपुर, सक्ती, धमतरी में 5 परियोजनाओं को मंजूरी, राजनांदगांव में सीडब्ल्यूसी को 10 एकड़ और एनडीडीबी को मल्टी फ्रूट प्रोसेसिंग के लिए 31.55 एकड़ भूमि आवंटन, सुशासन विभाग में 3 नए पद और वन मुख्यालय में ओएसडी का 1 पद सृजन, डॉ. राकेश मोहन चंदोला की सेवा नियमित कर परिवार पेंशन मंजूर, मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन को मंजूरी, 2026-27 में 100 करोड़ का बजट, 6 जिलों में फीडर सेंटर, औद्योगिक भूमि नियम 2015 में संशोधनकृषक उन्नति योजना - आदान सहायता अब प्रति क्विंटल के बजाय प्रति एकड़ के मान से मिलेगी।

## जल जीवन मिशन के ठेकेदारों ने सड़क पर अर्धनग्न भीख मांगकर किया अनोखा विरोध प्रदर्शन, 5 हजार करोड़ के भुगतान का दावा

❒ छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन के ठेकेदारों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा है। बकाया भुगतान की मांग को लेकर प्रदेशभर से सैकड़ों ठेकेदार राजधानी रायपुर में एकजुट हुए और सरकार के खिलाफ अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया। आधे कपड़े पहनकर सड़क पर उतरे ठेकेदारों ने भीख मांगकर अपनी आर्थिक बदहाली और सरकार की अनदेखी की ओर ध्यान खींचा।

### 5 हजार करोड़ के भुगतान का दावा

प्रदर्शन कर रहे ठेकेदारों का कहना है कि जल जीवन मिशन के तहत उन्होंने गांव-गांव में पाइपलाइन बिछाने, टंकी निर्माण और घर-घर तक नल से जल पहुंचाने का काम पूरा कर दिया है। इसके बावजूद पिछले कई महीनों से उनका लगभग 5 हजार करोड़ रुपये का भुगतान लंबित है। ठेकेदारों ने बताया कि काम पूरा होने के बाद बिल प्रस्तुत किए गए, लेकिन विभागीय प्रक्रिया और फंड की कमी का हवाला देकर भुगतान टाला जा रहा है। इससे छोटे ठेकेदारों पर कर्ज का बोझ बढ़ गया है, मजदूरों का भुगतान अटका है और कई ठेकेदार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

### "अब आश्वासन नहीं, भुगतान चाहिए"

ठेकेदारों ने कहा कि लंबे समय से उन्हें केवल आश्वासन दिया जा रहा है। अब वे तारीख पर तारीख नहीं चाहते। उनकी मांग है कि सरकार सभी लंबित बिलों की जांच कर भुगतान के लिए स्पष्ट समय-सीमा घोषित करे।

### भाजपा कार्यालय घेराव की चेतावनी

आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही भुगतान नहीं किया गया तो प्रदर्शन को और तेज किया जाएगा। अगले चरण में प्रदेशव्यापी आंदोलन कर भाजपा कार्यालय का घेराव किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद अब सभी की निगाहें सरकार के रुख पर टिकी हैं कि वह ठेकेदारों के बकाए को लेकर क्या निर्णय लेती है।

## मल्लिकार्जुन खड़गे पर किरण सिंह देव का पलटवार, भाषा को बताया अमर्यादित

❒ छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

**रायपुर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणी को लेकर सियासत गरमा गई है। छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने खड़गे के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए उनकी भाषा को अमर्यादित बताया। किरण सिंह देव ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री के लिए जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया है, वह उचित नहीं है। भाजपा आज भी खड़गे जी कहकर उनका सम्मान करती है, क्योंकि यही पार्टी के संस्कार हैं। प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करना उचित नहीं है और देश इस तरह की भाषा को स्वीकार नहीं करता। उन्होंने राहुल गांधी और मणिशंकर अय्यर के पुराने बयानों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं की ओर से पहले भी इस तरह की टिप्पणियां की गई हैं और ऐसी बयानबाजी का राजनीतिक परिणाम कांग्रेस पहले भी देख चुकी है।

किरण सिंह देव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने महात्मा गांधी समेत अपने आदर्शों को भुला दिया है और अब उसे केवल सत्ता की चिंता है। कांग्रेस की बयानबाजी उसकी राजनीतिक हताशा को दर्शाती है। उन्होंने दावा किया कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस लगातार कमजोर हो रही है। इधर, पीएम मोदी पर टिप्पणी को लेकर बेमेतरा में भाजपा युवा मोर्चा ने खड़गे का पुतला दहन कर विरोध जताया।

## एबीवीपी रैली में कार से स्टंटबाजी का आरोप, दो मीडियाकर्मियों को कूदकर बचानी पड़ी जान; एनएसयूआई ने की कार्रवाई की मांग

❒ छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

**रायपुर।** 26 अक्टूबर को एबीवीपी की 'अराजकता रोको, लोकतंत्र अपनाओ' रैली के दौरान कार से स्टंटबाजी का आरोप लगा है। एनएसयूआई का कहना है कि रैली के दौरान कुछ मीडियाकर्मी कवरेज कर रहे थे, तभी एक कार तेज रफ्तार में उनके सामने आ गई, जिससे दो मीडियाकर्मियों को पीछे कूदकर जान बचानी पड़ी। घटना को लेकर रायपुर जिला एनएसयूआई ने पुलिस प्रशासन को आवेदन सौंपकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।

### सीसीटीवी फुटेज से पहचान की मांग

एनएसयूआई ने ज्ञापन में कहा है कि घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, मौके पर मौजूद लोगों के वीडियो और अन्य सबूतों की जांच कर संबंधित वाहन और चालक की पहचान की जाए। दोनों मीडियाकर्मियों के बयान दर्ज कर यदि खतरनाक ड्राइविंग या यातायात नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए।

### सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

एनएसयूआई ने कहा कि रैली और प्रदर्शन लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन इसके नाम पर ऐसी गतिविधियां स्वीकार्य नहीं हैं जिनसे आम नागरिकों, मीडियाकर्मियों और राहगीरों की जान खतरे में पड़े। संगठन ने रैली के दौरान यातायात नियंत्रण और सुरक्षा इंतजामों की जांच की भी मांग की है। एनएसयूआई ने कहा कि मीडियाकर्मी शासन और जनता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं, काम के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना जरूरी है।

## 1.32 करोड़ के डीएमएफ मद मे गड़बड़ी के आरोप मे पूर्व जनपद सीईओ समेत 9 पर एफआईआर

❒ छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

**सरगुजा।** जिले में डीएमएफ मद की राशि के दुरुपयोग के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। अंबिकापुर के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गुलापन राम यादव के आदेश पर मणिपुर थाना पुलिस ने तत्कालीन जनपद सीईओ समेत 9 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मामला केशवपुर स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में निर्माण कार्यों से जुड़ा है। स्कूल में निर्माण के लिए 31 मार्च 2023 को डीएमएफ मद से 1.32 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई थी और ग्राम पंचायत केशवपुर को निर्माण एजेंसी बनाया गया था।

### ठेकेदारों से कराया निर्माण, आरटीजीएस से भुगतान का आरोप

आरोप है कि तत्कालीन जनपद सीईओ सुरेश्वर नाथ तिवारी ने नियमों के विरुद्ध जाकर सीसी सड़क, गार्डन सौंदर्यीकरण, प्रधान पाठक कक्ष, अहाता, प्रवेश द्वार और पार्किंग शेड का निर्माण दो निजी फर्मों - अनन्या कंस्ट्रक्शन और मेसर्स स्मृति कंस्ट्रक्शन से कराया। आरोप है कि पंचायत के सरपंच-सचिव को कार्यालय बुलाकर पंचायत खाते से राशि निकलवाई गई और ठेका कंपनियों को आरटीजीएस से भुगतान किया गया। फर्जी बिल-वाउचर और मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार करने का भी आरोप है। शिकायतकर्ता अभय नारायण पांडेय की शिकायत पर कलेक्टर द्वारा जांच कराई गई थी। जांच दल ने 7 अक्टूबर 2024 को स्थल निरीक्षण किया, लेकिन शिकायत के मुताबिक अनियमितता मिलने के बाद भी दोषियों को बचाने के लिए रिपोर्ट में गड़बड़ी की गई। इसके बाद परिवाद कोर्ट में दाखिल किया गया।

### 9 आरोपियों पर केस

कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 409, 420, 467, 468, 471, 201, 120-बी और 34 के तहत एफआईआर दर्ज की है। तत्कालीन सीईओ सुरेश्वर नाथ तिवारी, सब इंजीनियर विवेक प्रताप सिंह राठौर, तत्कालीन सीईओ उपेंद्र सिंह सेंगर, तत्कालीन सचिव राम प्रकाश यादव, तत्कालीन सरपंच इम्तान सिंह, सुयश अग्रवाल, अनन्या कंस्ट्रक्शन के अरविंद कुमार अग्रवाल और मेसर्स स्मृति कंस्ट्रक्शन फर्म। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बीजेपी का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ, कांग्रेस के पास आरोपों के अलावा कुछ नहीं : राजेश अग्रवाल

❒ छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

**रायपुर।** बीजेपी प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी के दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान संगठन की बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। बैठक के बाद पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने मिशन 2028 को लेकर बयान दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव के लिए अलग से बैठक नहीं करती, बल्कि चुनाव के बाद से ही पूरे पांच साल लगातार संगठन की बैठकें होती हैं। पार्टी जनता के बीच सक्रिय रहती है।

स्मृति ईरानी के प्रवास पर मंत्री ने बताया कि प्रदेश प्रभारी के रूप में स्मृति ईरानी का यह पहला प्रवास है। परिचय के उद्देश्य से वर्तमान पदाधिकारियों, विधायकों, सांसदों और मंत्रियों के साथ पूर्व संगठन पदाधिकारियों, पूर्व विधायकों और पूर्व सांसदों की बैठक ली गई, जिसमें योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

### महतारी वंदन योजना पर पलटवार

कांग्रेस के आरोपों पर मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने 2018 के घोषणा पत्र में महिलाओं को 500 रुपये देने का वादा किया था, लेकिन कितने लोगों को दिया। विष्णुदेव साय सरकार में 67 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ नियमित रूप से दिया जा रहा है।

धान खरीदी को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में धान खरीदी अच्छी तरह चल रही है और किसान खुश हैं। किसानों को एकमुश्त राशि देने का वादा पूरा किया गया और पिछले सीजन में राशि एकमुश्त दी गई।

## टीएस सिंहदेव ने पहली फ्लाइट से किया सफर, एलायंस एयर की अंबिकापुर-हैदराबाद हवाई सेवा शुरू

❒ छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर से रायपुर होकर हैदराबाद जाने वाली फ्लाइट सेवा आज से शुरू हो गई। पहले दिन फ्लाइट तय समय पर दरिमा एयरपोर्ट पहुंची और दोपहर 2:05 बजे रायपुर के लिए रवाना हुई। पहले दिन 19 यात्री अंबिकापुर से रायपुर गए। शुभारंभ अवसर पर सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज और लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने यात्रियों को शुभकामनाएं दीं। पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव और एथलीट अनिमेष कुजूर भी पहली फ्लाइट से रायपुर रवाना हुए।

### डीजीसीए की अनुमति के बाद शुरू

डीजीसीएसे अनुमति मिलने के बाद एलायंस एयर ने विंटर शेड्यूल में अंबिकापुर-हैदराबाद फ्लाइट शुरू की है। यह फ्लाइट रायपुर और जगदलपुर होते हुए हैदराबाद जाएगी। सप्ताह में 3 दिन मंगलवार, गुरुवार, शनिवार चलेगी।

फ्लाइट शेड्यूल के अनुसार -हैदराबाद से सुबह 9:30 बजे रवाना, जगदलपुर-रायपुर होते हुए दोपहर 1:20 बजे अंबिकापुर पहुंचेगी, अंबिकापुर से दोपहर 2:05 बजे रवाना, 3:05 बजे रायपुर, 4:25 बजे जगदलपुर और शाम 6:10 बजे हैदराबाद पहुंचेगी।

दरिमा एयरपोर्ट डायरेक्टर डॉ. सुशील श्रीवास्तव ने बताया कि पहले दिन केवल रायपुर तक की बुकिंग हुई है। वेबसाइट में तकनीकी खामी के कारण अंबिकापुर से सीधे हैदराबाद की बुकिंग नहीं हो पा रही है, जल्द दूर की जाएगी।

### सिंहदेव ने कहा किराया न बढ़े

पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि यह खुशी की बात है, सभी ने कोशिश की है। रायपुर से देश के बड़े शहरों की कनेक्टिविटी मिल जाती है। एयरलाइंस ने किराया 2100 रुपये रखा है, इसे न बढ़ाने की अपील है।

### अन्य शहरों से भी जुड़ेगा अंबिकापुर - सांसद

सांसद चिंतामणि महाराज ने प्रधानमंत्री, केंद्रीय विमानन मंत्री और मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि अंबिकापुर से वाराणसी सहित अन्य शहरों के लिए भी हवाई सेवा का प्रस्ताव है। बता दें कि एलायंस एयर ने मार्च 2026 में अंबिकापुर से दिल्ली और कोलकाता के लिए फ्लाइट शुरू की थी, लेकिन कम यात्रियों के कारण सितंबर में बंद कर दी गई थी। फिलहाल सोमवार और बुधवार को अंबिकापुर-बिलासपुर-दिल्ली फ्लाइट संचालित हो रही है। कंपनी ने रायपुर-अंबिकापुर-वाराणसी शेड्यूल भी जारी किया है, DGCA से अनुमति मिलते ही वह भी शुरू होगी।

## वोट चोरी के मुद्दे पर राहुल गांधी ने दिल्ली में जन-सुनवाई की, लोगों की शिकायतें सुनी

❒ छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

**नईदिल्ली।** दिल्ली की रामलीला मैदान में 1 नवंबर को चुनाव आयोग के खिलाफ बड़ी रैली से पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मंगलवार को त्रिलोकपुरी इलाके में पहुंचे। यहां उन्होंने वोट चोरी के मुद्दे पर जन सुनवाई की और चुनावी प्रक्रिया को लेकर लोगों की शिकायतें सुनी। उन्होंने लोगों से 1 नवंबर को रामलीला मैदान में आने का आग्रह भी किया। इस दौरान कांग्रेस नेता के साथ कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के दीपांकर भट्टाचार्य और स्वराज इंडिया के योगेंद्र यादव भी मौजूद थे।

जन सुनवाई में बोलते हुए राहुल ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार सवालों का जवाब देने से इनकार करते हैं और सवालों से बचते हैं।

उन्होंने कहा कि जब तक कि ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं दे देते या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें नहीं हटाते, तब तक वह नहीं रुकेंगे।

उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से यह मुद्दा उठा रहे हैं, लेकिन अब लोग समझने लगे हैं कि सबसे ऊंचे स्तर से वोट चोरी हो रहे हैं।

राहुल ने कहा कि गरीब लोगों को मतदाता सूची से हटाया जा रहा है और उनके अधिकार छीने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा, ऐसा क्यों हो रहा है? क्योंकि एक ऐसा नया भारत बनाने की कोशिश की जा रही है जो कुछ चुनिंदा अरबपतियों का हो, जहां नागरिकों के पास कोई अधिकार न हों और गरीबों को उनके अधिकारों से वंचित रखा जाए, एक ऐसा देश जो केवल अरबपतियों के हितों की सेवा करे।

## मुख्यमंत्री कल देंगे 202 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय 28 अक्टूबर को विकासखंड शंकरगढ़ के ग्राम चिरई, जशवंतपुर में दोपहर 12 बजे आयोजित कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री काका लरंग साय की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इस अवसर पर वे जिलेवासियों को 202 करोड़ 65 लाख रुपये के 2009 विकास कार्यों की सौगात देंगे, जिनमें 156 करोड़ 68 लाख रुपये के 1863 कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास तथा 45 करोड़ 97 लाख रुपये के 146 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

प्रमुख कार्यों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की 71 करोड़ 89 लाख रुपये की तीन सड़कें, कुसमी विकासखंड में 26 करोड़ 15 लाख रुपये के पाँच पुल, जिला चिकित्सालय में 4 करोड़ 72 लाख रुपये की सीटी स्कैन मशीन तथा वीबी-जी राम जी योजना के 1854 कार्य शामिल हैं। लोकार्पण होने वाले कार्यों में 15 एकल ग्राम नल जल योजनाएँ, मनरेगा के 97 चेक डैम तथा छात्रावास, उप स्वास्थ्य केंद्र और महतारी सदन जैसे निर्माण कार्य प्रमुख हैं। कार्यक्रम में मंत्रीगण, सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

# चक्रवात के असर से बारिश की संभावना, जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर

### कलेक्टर ने संवेदनशील स्थलों की सतत निगरानी के दिए निर्देश, नागरिकों से सतर्क रहने की अपील



**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** मौसम विभाग के अनुसार चक्रवात के उत्तरी आंध्र प्रदेश तट पर लैंडफॉल करने की संभावना है। इसके प्रभाव से 27 अक्टूबर को सुकमा एवं दंतेवाड़ा तथा 28 और 29 अक्टूबर को प्रदेश के सभी जिलों में वर्षा का पूर्वानुमान है, वहीं कुछ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। संभावित स्थिति को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने जिला प्रशासन को पूरी तरह सतर्क रहने को कहा है। उन्होंने राजस्व अमले और आपदा प्रबंधन टीम को हर समय अलर्ट मोड पर रहकर जलभराव एवं बाढ़ की आशंका वाले संवेदनशील स्थलों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जनहानि रोकना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी आपात स्थिति में प्रभावितों तक तत्काल राहत पहुँचाई जाए।

कलेक्टर ने जिला एवं तहसील स्तर पर कंट्रोल रूम सक्रिय रखते हुए मौसम विभाग की चेतावनियों पर लगातार नजर रखने को कहा है। राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, पंचायत, स्वास्थ्य और विद्युत सहित सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। निचले इलाकों तथा बाढ़ संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर राहत एवं बचाव की व्यवस्था पहले से करने और एसडीआरएफ, होमगार्ड व अन्य बचाव दलों को आवश्यक उपकरणों के साथ तैयार रखने को कहा गया है। जलाशयों और बांधों के जलस्तर की नियमित निगरानी के साथ ही पानी छोड़े जाने की स्थिति में संबंधित क्षेत्रों के लोगों को समय रहते सूचना देने पर भी उन्होंने विशेष जोर दिया।

कलेक्टर ने नागरिकों से अपनी, अपने परिवार और आसपास के लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नदी-नालों, जलप्रपातों और उफनते जलस्रोतों के पास न जाएँ, क्योंकि पानी का बहाव अचानक बढ़ सकता है। डूबे हुए रास्तों, पुल-पुलियों और बैरियर लगे स्थानों को पार करने का प्रयास न करें। गिरे हुए बिजली के तारों से दूरी बनाए रखें, भूस्खलन या जमीन धँसने की आशंका वाले क्षेत्रों से दूर रहें और बिना आवश्यकता, विशेषकर रात में यात्रा करने से बचें। अभिभावकों से बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने को भी कहा गया है।

आपात स्थिति में डायल 112, जिला बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष के टोल फ्री नंबर 07831-273002 अथवा स्थानीय प्रशासन से संपर्क किया जा सकता है। कलेक्टर ने मौसम एवं राहत संबंधी जानकारी के लिए केवल अधिकृत स्रोतों पर भरोसा करने और अफवाहों से दूर रहने का आग्रह करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में सतर्कता, संयम और आपसी सहयोग ही सबसे बड़ा बचाव है।

# शरद पूर्णिमा पर भजनों से गूंजा अग्रसेन भवन, बाबा श्याम के रंग में रंगे श्रद्धालु

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर सोमवार को श्याम सलोना परिवार बिश्रामपुर का तृतीय वार्षिक उत्सव अग्रसेन भवन में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया गया, जहां देर तक भक्ति और संगीत की सरिता बहती रही। बाहर से आए भजन गायकों की सुमधुर प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। पूरा परिसर बाबा श्याम के जयकारों और भक्तिमय गीतों से गूंज उठा।

उत्सव में आमंत्रित भजन गायक संदीप शर्मा, कल्याणी मित्तल और राहुल शर्मा ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करते हुए कलाकारों ने अपनी सुमधुर आवाज से श्रद्धालुओं को देर तक भक्ति रस में सराबोर रखा। भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम का आनंद लिया।आयोजन के दौरान बाबा श्याम का आकर्षक एवं भव्य दरबार विशेष रूप से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने दरबार में पहुंचकर दर्शन किए और सुख-समृद्धि की कामना की। धार्मिक परंपरा के अनुरूप बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया गया। साथ ही श्याम रसोई का आयोजन कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। श्याम सलोना परिवार के सदस्यों के सामूहिक प्रयास से आयोजित यह वार्षिक उत्सव श्रद्धा, सेवा और भक्ति का संगम बना। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुमित मित्तल, राहुल सिंघल, मनोज गोयल, विष्णु अग्रवाल, सनी अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, यश अग्रवाल, आशुतोष जिंदल, राहुल मित्तल, नवीन गोयल, अमन गर्ग, गौरव अग्रवाल, जगदीश सिंघल, मयंक गोयल, सौरभ सिंह, श्रीमती नेहा तायल, श्रीमती सोनिया सिंघल सहित अन्य सक्रिय रहे।

समिति सदस्यों ने बाबा श्याम के आशीर्वाद और सभी सहयोगियों के सामूहिक प्रयास से आयोजन के सफल होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। शरद पूर्णिमा की पावन रात में भजनों, दर्शन और प्रसाद के बीच श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

# हर्राटिकरा में विदेशी फुटबॉल टीम का जलवा, लक्ष्मीपुर और साउथ अफ्रीका ने दर्ज की जीत

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत हर्राटिकरा के गौरी मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता में मंगलवार को रोमांचक मुकाबलों के बीच लक्ष्मीपुर और साउथ अफ्रीका की नीग्रो टीम ने जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में पहली बार विदेशी टीम की भागीदारी ने क्षेत्र के खेल प्रेमियों का उत्साह बढ़ा दिया है। विदेशी खिलाड़ियों के खेल को करीब से देखने के लिए मैदान में दर्शकों की अच्छी खासी मौजूदगी रही। प्रतियोगिता में मंगलवार को मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवती राजवाड़े उपस्थित रहीं।

अन्य अतिथियों में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन, संयुक्त जिला महामंत्री वेद प्रकाश मिश्रा, नरसिंह नारायण सिंह, रूपदास महंत, राजेंद्र प्रसाद गवटिया, तीरथ राजवाड़े, पार्वतीपुर सरपंच चंद्रदेव, दशरथ राजवाड़े, रूपनारायण राजवाड़े, बुलचु राजवाड़े, आलम राजवाड़े, जुगेंद्र सिंह, निर्मल साहू, कृष्णा गुप्ता, विजय गुप्ता, रामकुमार राजवाड़े, जाकेश राजवाड़े, मनोज राजवाड़े, भारत राजवाड़े, उपसरपंच संजय राजवाड़े, रामजीत दास, सुंदर दास, गोपाल राजवाड़े, टीपेंद्र राजवाड़े, यश दास सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मुकाबलों का शुभारंभ कराया। यहां पर पहला मुकाबला रायपुर और लक्ष्मीपुर की टीमों के बीच खेला गया। टॉस के बाद शुरू हुए इस मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने जीत के लिए दमखम दिखाया। रोमांचक संघर्ष के बाद लक्ष्मीपुर की टीम ने 2-1 गोल से मुकाबला अपने नाम कर लिया। जीत के साथ लक्ष्मीपुर ने प्रतियोगिता में आगे बढ़ने की अपनी दावेदारी मजबूत की। दूसरा मुकाबला मेजबान हर्राटिकरा टीम और दक्षिण अफ्रीका की नीग्रो टीम के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। निर्धारित खेल के बाद निर्णय के लिए ट्राईब्रेकर का सहारा लेना पड़ा, जिसमें दक्षिण अफ्रीका की टीम ने दो गोल से जीत हासिल कर ली। घरेलू मैदान पर मेजबान टीम को हार का सामना करना पड़ा, जबकि विदेशी खिलाड़ियों की जीत ने दर्शकों के बीच खास चर्चा बटोरी। ज्ञात हो कि हर्राटिकरा में आयोजित इस प्रतियोगिता का खास आकर्षण दक्षिण अफ्रीका की टीम की भागीदारी है। क्षेत्र में पहली बार विदेशी टीम के खेलने से फुटबॉल प्रेमियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय मैदान पर विदेशी खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखना दर्शकों के लिए नया अनुभव बना हुआ है। प्रतियोगिता के जरिए ग्रामीण अंचल में फुटबॉल के प्रति रुचि बढ़ने के साथ खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धात्मक खेल का अवसर भी मिल रहा है। आयोजन को सफल बनाने में गंगा राम, राजू राम राजवाड़े, दल साय राजवाड़े, उमेश राजवाड़े, जनक दास, संतोष रजक, विजय राजवाड़े, शनि दास, तिरपन दास, अर्जुन राजवाड़े, अमोल दास, भुवन रजक, विनेश विश्वकर्मा, प्रकाश गुप्ता और सुरेंद्र राजवाड़े सहित अन्य सक्रिय हैं।

# कुमदा 7/8 खदान के पास पोल से हजारों रुपए के केबल चोरी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल कुमदा सहक्षेत्र अंतर्गत कुमदा 7/8 खदान के पास से बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर करीब दस पोल से लगभग 500 मीटर बेशकीमती केबल काट लिया है।

घटना के बाद खदान और सब एरिया कार्यालय में घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। मंगलवार शाम तक सब एरिया कार्यालय की विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से कोलकर्मियों में भय और असुरक्षा का माहौल है।

गौरतलब है कि बलरामपुर खदान में रविवार की रात हथियारबंद बदमाशों ने उत्पात मचाते हुए कर्मचारियों के साथ मारपीट की थी। बदमाशों ने एक बाइक में आग लगाने के साथ हजारों रुपए के केबल भी लूटकर ले गए थे। इस गंभीर घटना के बाद खदान की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई थी। इसी बीच अगले दिन सोमवार की रात फिर अज्ञात चोरों ने कुमदा 7/8 खदान के पास से करीब 500 मीटर केबल काट लिए जाने की घटना ने सुरक्षा इंतजामों की पोल खोल दी है। लगातार दो दिनों तक हुई इन घटनाओं से खदान क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों के बीच भय का माहौल गहराने लगा है। खदान और कार्यालय की विद्युत व्यवस्था प्रभावित होने से कामकाज पर भी असर पड़ा रहा। एक ओर हथियारबंद बदमाश कर्मचारियों पर हमला कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर बेखौफ चोर विद्युत केबल काटकर ले जा रहे हैं। ऐसे में खदान परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा निगरानी को लेकर सवाल उठना लाजिमी है। सवाल यह है कि लगातार हो रही इन घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रबंधन और सुरक्षा एजेंसियां क्या कदम उठा रही हैं, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। कोयला उत्पादन से जुड़े इस संवेदनशील क्षेत्र में कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, केबल चोरी रोकने और आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई करने की जरूरत है।

## रास्ते में बाइक रोककर युवक से मारपीट, पत्थर से किया हमला

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत महावीरपुर के तुरियाबाड़ी के पास रास्ता रोककर एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित मृत्युंजय विश्वास उर्फ मिथुन ने गांव के ही अंशू राय सहित तीन लोगों पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने और हाथ-मुक्के व पत्थर से हमला करने का आरोप लगाया है। घटना में युवक के चेहरे, आंख, नाक और कंधे पर चोटें आई हैं। पीड़ित ने 27 अक्टूबर को जयनगर थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार ग्राम पंचायत संजयनगर निवासी 35 वर्षीय मृत्युंजय विश्वास मंगलवार सुबह करीब 11 बजे अजीरमा से महावीरपुर होते हुए अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान महावीरपुर के तुरियाबाड़ी के पास गांव का ही अंशू राय मोटरसाइकिल से पहुंचा और अपनी गाड़ी पीड़ित की मोटरसाइकिल के सामने खड़ी कर रास्ता रोक दिया। आरोप है कि अंशू राय के साथ बाइक पर राकेश और एक अन्य व्यक्ति भी मौजूद थे। पीड़ित का आरोप है कि अंशू राय ने उसे विष्णु समद्दार का भांजा बताते हुए कथित तौर पर कहा कि वह ज्यादा हवा में उड़ रहा है और उसे जान से मारकर खत्म कर दो। इसके बाद तीनों ने उसे पकड़ मां-बहन की गाली देते हुए हाथ-मुक्कों तथा पत्थर से मारपीट शुरू कर दी। अचानक हुए हमले से उसके चेहरे, आंख, नाक और कंधे में चोटें आई हैं। शिकायत में बताया गया है कि इसी दौरान मृत्युंजय का बड़ा भाई विश्वनाथ विश्वास भी उसी रास्ते से वहां पहुंच गया। उसे आते देख तीनों आरोपी अपनी मोटरसाइकिल से मौके से भाग निकले। घटना के बाद पीड़ित ने जयनगर थाने पहुंचकर लिखित शिकायत किया है। सूचना पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफ़आईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## *फूलीडूमर स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, विद्यार्थियों को बताया मताधिकार का महत्व*

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज विकासखंड वाड्रफनगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फूलीडूमर में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) के तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रभारी प्राचार्य श्री देवेंद्र उपाध्याय के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम में 17 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके तथा शीघ्र 18 वर्ष के होने वाले विद्यार्थियों को मतदाता पंजीयन और मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

विद्यार्थियों को मतदान के महत्व, निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान तथा सोच-समझकर सही उम्मीदवार के चयन की जानकारी दी गई। उन्हें जिम्मेदार नागरिक के रूप में लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने और भविष्य में अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

# कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

**रबी में दलहन-तिलहन का रकबा बढ़ाने पर कलेक्टर का जोर, ऑयल पाम खेती के लक्ष्य समय पर पूरे करने के निर्देश**

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की समन्वित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में रबी सीजन के कार्यक्रम निर्धारण, कृषि एवं संबद्ध विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति तथा किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के माध्यम से किसानों को लाभान्वित करना और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करना शासन-प्रशासन की प्राथमिकता है।

कलेक्टर ने रबी सीजन में दलहन एवं तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिले और किसानों की आय में वृद्धि हो। बैठक में धान के साथ-साथ अन्य व्यावसायिक फसलों की खेती को प्रोत्साहित करने पर सार्थक चर्चा हुई। कलेक्टर ने कहा कि सभी का प्रयास होना चाहिए कि किसान ऐसी फसलें उगाएँ, जिनकी बाजार में मांग हो और उन्हें उपज का बेहतर मूल्य मिल सके। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) के प्रभावी क्रियान्वयन तथा कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित कर पात्र किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। ऑयल पाम की खेती को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा इसके साथ अंतरवर्तीय फसलों (इंटरक्रॉपिंग) को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को किसानों को इन फसलों के लाभों की जानकारी देने, लक्ष्यों की नियमित समीक्षा करने और समन्वित प्रयासों से योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बैठक में उप संचालक कृषि श्री रामचन्द्र भगत, सहायक संचालक उद्यानिकी श्री कमलेश साहू एवं विकासखण्ड स्तरीय संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# वोट रक्षक और चारपाई चौपाल के जरिए गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगी कांग्रेस

**वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत हुई पत्रकार वार्ता**

**मतदाता सूची की पारदर्शिता और चुनाव आयोग की जवाबदेही पर उठाए सवाल**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

सूरजपुर। लोकतंत्र की रक्षा और प्रत्येक पात्र मतदाता के मताधिकार को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से कांग्रेस ने वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत देशव्यापी मुहिम तेज करने की बात कही है। पार्टी वोट रक्षक और चारपाई चौपाल के माध्यम से गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र बचाने के लिए पार्टी सड़क से संसद तक आवाज उठा रही है और वोट चोरी का मुद्दा आज देश के सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक डॉ. देवाशीष पटनायक एवं छत्तीसगढ़ सहप्रभारी श्रीमती जरिता लैतफलांग ने सूरजपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में चुनाव प्रक्रिया, मतदाता सूची और निर्वाचन आयोग की भूमिका को लेकर सवाल उठाए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्णयों को सार्वजनिक किया जाना चाहिए, ताकि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे और जनता का विश्वास मजबूत हो। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग की कार्यप्रणाली और निर्णयों को लेकर उठ रहे सवालों से उसकी गरिमा तथा चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता प्रभावित हुई है। कांग्रेस नेताओं ने मतदाता सूची से जुड़े मामलों पर भी चिंता जताई। उन्होंने एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के माध्यम से हटाए गए मतदाताओं की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग करते हुए कहा कि पात्र मतदाताओं के नाम सूची से हटने की स्थिति में उनकी पहचान कर इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने निर्वाचन आयोग की नियुक्ति प्रक्रिया पर पुनर्विचार करने और चुनाव व्यवस्था में जनता का विश्वास बहाल करने की आवश्यकता भी जताई। पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने अभियान की रूपरेखा बताते हुए कहा कि पहले चरण में सभी जिला मुख्यालयों पर पत्रकार वार्ता के माध्यम से मतदाता अधिकारों से जुड़े मुद्दे उठाए जाएंगे। दूसरे चरण में मतदान केंद्र स्तर पर मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण किया जाएगा। तीसरे चरण में बूथ, मंडल, ब्लॉक और जिला स्तर पर रणनीति बनाकर पंचायतों एवं गांवों तक वोट रक्षक और चारपाई चौपाल के माध्यम से अभियान पहुंचाया जाएगा। नेताओं ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल अपनी सुविधा के अनुसार मतदाता सूची में नाम काटने और जोड़ने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं, उनका बूथ स्तर पर अध्ययन किया जाएगा। ऐसे मामलों को चिह्नित कर संबंधित मंचों पर आवाज उठाई जाएगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता के वोट की रक्षा करना पार्टी का लक्ष्य है। मजबूत लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष और जवाबदेह निर्वाचन आयोग आवश्यक है। मतदाताओं को जागरूक करने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए शुरू की गई यह मुहिम जन-जन तक पहुंचाई जाएगी। पत्रकार वार्ता में जिला प्रभारी गुलाब कमरों, पूर्व मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, पूर्व संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष अपुर शफी अहमद, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दानिश रफीक, जिलाध्यक्ष शशि सिंह, महामंत्री संजय डोसी, ईस्माइल खान, भगवती राजवाड़े एवं कुसुमलता राजवाड़े, नवीन जायसवाल, विद्या सागर सिंह, संजीव श्रीवास्तव, रमेश दनौदिया, अंशुल गोयल, चंदन सिंह, वेद प्रकाश मिश्रा, पंकज तिवारी, मेही साहू, परमेश्वर राजवाड़े, लिली राजवाड़े, जरीन सुल्ताना, बबिता गुप्ता, आंनद कुँवर, उषा सिंह, दिव्या तांजे, अरबीना बेगम, खुशी, जितेंद्र दुबे, प्रदीप राजवाड़े, कवल बिहारी सिंह, विद्यात्री सिंहदेव, लवकेश गुर्जर, जफर हैदर, मनोज डालमियां, विक्की समद्दार, तपन सिकदार, शान्तु डोसी, सुनील सारथी, संतोष पावले, राम कुमार बंछोर सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### जिले से दिल्ली महारैली में जाएंगे 300 कार्यकर्ता

जिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि सिंह ने बताया कि दिल्ली में वोट बचाव देश बचाओ अभियान के तहत आयोजित रामलीला मैदान की महारैली में जिले से लगभग 300 से अधिक कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि व पार्टी के पदाधिकारी रैली में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि विभिन्न माध्यमों से कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचेंगे और कांग्रेस पार्टी के देश व्यापी अभियान का हिस्सा बनेंगे। अपना वोट, अपना संविधान और अपने भविष्य के लिए जिले से कांग्रेस के सभी अनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारी भी दिल्ली कुच करने की तैयारी में है।

# एसएसपीएल डे-नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता 18 नवंबर से, 4 को होगा सरगुजा संभाग के खिलाड़ियों का ऑक्शन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अंबिकापुर। सरगुजा संभाग की सबसे बड़ी इनामी राशि वाली टेनिस बॉल क्रिकेट लीग - सरगुजा संभाग प्रीमियर लीग (एसएसपीएल) सीजन-1 का आगाज 18 नवंबर से शहर के गांधी स्टेडियम में होगा। प्रतियोगिता डे-नाइट फॉर्मेट में खेली जाएगी। अंबिकापुर चैंपियंस लीग की सफलता के बाद अब एसएसपीएल का रोमांच देखने को मिलेगा। प्रतियोगिता में कुल 14 टीमें हिस्सा लेंगी। इसके लिए संभाग भर के 350 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जिनमें से 224 खिलाड़ियों की नीलामी होगी। 4 नवंबर को ऑक्शनखिलाड़ियों की नीलामी 4 नवंबर को शहर के होटल सरगवां पैलेस में होगी। टीमों के ऑनर्स पंजीकृत खिलाड़ियों पर बोली लगाकर अपनी टीम बनाएंगे।

### 2 लाख का इनाम

एसएसपीएल सरगुजा संभाग की सबसे ज्यादा इनामी राशि वाली लीग है। विजेता टीम को 2 लाख रुपए नकद और ट्रॉफी, उपविजेता को 1 लाख रुपए और ट्रॉफी दी जाएगी। तीसरे स्थान पर आने वाली टीम को 40 हजार, चौथे को 20 हजार और 5वें स्थान वाली टीम को 10 हजार रुपए का नकद पुरस्कार मिलेगा। इसके अलावा लगातार 4 चौके, हैट्रिक सिक्स, हैट्रिक विकेट, एक मैच में 5 विकेट, अर्धशतक और शतक लगाने वाले खिलाड़ियों को भी नकद और ट्रॉफी से पुरस्कृत किया जाएगा। सभी मैचों का लाइव प्रसारण ह्108 लाइवह्न पर होगा।

### 40 प्लस खिलाड़ियों को भी मौका

आयोजन समिति ने 40 प्लस उम्र के खिलाड़ियों को भी मौका दिया है। प्रत्येक टीम को ऑक्शन में 2 खिलाड़ी 40 प्लस उम्र के लेने होंगे और मैच के दौरान दोनों को खिलाना अनिवार्य होगा।लीग फॉर्मेट14 टीमों को 2 पूल में बांटा जाएगा। हर टीम 6 लीग मैच खेलेगी। दोनों पूल की टॉप 2-2 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। प्रतियोगिता का फाइनल 30 नवंबर को खेला जाएगा।

# अंबिकापुर में अर्नब तूफान का अलर्ट, किसानों को सतर्क रहने की सलाह

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अंबिकापुर। मेट सेंटर रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार सरगुजा जिले में 28 अक्टूबर से 1 नवंबर के दौरान अर्नब तूफान के कारण बारिश, गरज-चमक, आकाशीय बिजली और तेज हवाओं की संभावना है। इसको देखते हुए किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मौसम पूवार्नुमान के अनुसार इस अवधि में प्रतिदिन लगभग 15 से 70 मिमी वर्षा हो सकती है। 30 अक्टूबर को लगभग 70 मिमी वर्षा होने की संभावना है। खराब मौसम से खेतों में पककर तैयार धान की फसल गिरने और कटाई के बाद खुले में रखी उपज के भीगने से नुकसान हो सकता है।

### कटाई-मड़ाई टालने की सलाह

कृषि मौसम विशेषज्ञ डॉ. रंजीत कुमार एवं श्री यमलेश निषाद ने किसानों को सलाह दी है कि प्रतिकूल मौसम के दौरान धान की कटाई, मड़ाई तथा कीटनाशकों के छिड़काव जैसे कृषि कार्य स्थगित रखें।कटी हुई धान की फसल और अनाज को सुरक्षित, सूखे एवं ढके हुए स्थान पर रखें। फसल के ढेर तथा अनाज की बोरियों को तिरपाल से ढकें, ताकि वर्षा से उपज की गुणवत्ता प्रभावित न हो। खेतों में अतिरिक्त पानी की निकासी के लिए नालियों को साफ रखें। भारी वर्षा और तेज हवाओं से धान की फसल गिरने, सब्जियों एवं दलहनी फसलों में जलभराव तथा फलदार पौधों की शाखाओं को नुकसान पहुंचने की आशंका है।

### आकाशीय बिजली के दौरान खेत में न जाएं

जोनल एग्रीकल्चरल रिसर्च स्टेशन अंबिकापुर के सहायक संचालक अनुसंधान डॉ. के.एल. पैंकरा ने किसानों से अपील की है कि वे मौसम संबंधी आधिकारिक चेतावनियों का पालन करें तथा फसलों, पशुधन और कृषि संसाधनों की सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानियां बरतें। गरज-चमक और आकाशीय बिजली के दौरान खेतों में काम न करें तथा पेड़ों, बिजली के खंभों और खुले स्थानों से दूर सुरक्षित स्थान पर रहें। पशुओं को भी सुरक्षित एवं ढके हुए स्थान पर रखें।

## बिजली कर्मियों को दीपावली से पहले मिलेगा बढ़ा हुआ बोनस, प्रबंध निदेशक ने दिया आश्वासन

रायपुर। छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने आज पावर कंपनी मुख्यालय में प्रबंध निदेशक (ट्रांसमिशन) आर.के. शुक्ला से मुलाकात कर बिजली कर्मियों को दीपावली के पूर्व प्रतिवर्ष प्रदान की जाने वाली बोनस/एक्स-ग्रेशिया राशि में वृद्धि और उसका भुगतान दीपावली से पहले सुनिश्चित करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि बिजली कर्मचारी पूरे वर्ष विद्युत उत्पादन, पारेषण एवं वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# सरस्वती महाविद्यालय के 133 विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर मनाली रवाना

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अंबिकापुर। सरस्वती महाविद्यालय के 133 विद्यार्थियों का दल शैक्षणिक भ्रमण के लिए मनाली रवाना हुआ। महाविद्यालय के ट्रेवल एंड टूरिज्म विषय के विद्यार्थियों को पर्यटन और यात्रा प्रबंधन का व्यावहारिक अनुभव देने के उद्देश्य से यह भ्रमण आयोजित किया गया है। प्राचार्य डॉ. ऋषि सिंह के मार्गदर्शन में यह भ्रमण 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक चलेगा। दल अंबिकापुर से दिल्ली होते हुए हिमाचल प्रदेश के मनाली के लिए रवाना हुआ है। इस दल में नेप के तहत संचालित बीए, बी. कॉम, बीएससी, बीसीए, सीबीसीएस, एमए, एम. कॉम के विद्यार्थी शामिल हैं। विद्यार्थियों के साथ मार्गदर्शक के रूप में प्राध्यापक प्रवीण शर्मा, सुरेश यादव, कृष्णा त्रिपाठी, अभिषेक, पवन चैधरी, सूरज, टोलेश्वर राजवाड़े, आयुष सिन्हा, नरेंद्र बंजारे, सारिका मंडल, धनपति और विनय सहित अन्य प्राध्यापक भी गए हैं। भ्रमण के दौरान विद्यार्थी पर्यटन स्थलों, टूर ऑपरेशन, यात्रा संचालन, होटल-आवास व्यवस्था, खानपान प्रबंधन और पर्यटन उद्योग की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अध्ययन करेंगे। इससे उन्हें किताबी ज्ञान के साथ पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार और करियर की संभावनाओं को समझने में मदद मिलेगी। प्राचार्य डॉ. ऋषि सिंह ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रभावी माध्यम है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन और सुरक्षा निदेशों का पालन करने की सलाह दी। महाविद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सुविधा का विशेष ध्यान रखा है। प्राध्यापकों की टीम लगातार समन्वय बनाए हुए है ताकि यात्रा सुरक्षित और ज्ञानवर्धक हो।

# टाई-ब्रेकर में बलसेड़ी ने परसौड़ी को 3-0 से हराकर फाइनल मे बनाई जगह

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अंबिकापुर। सरगुजा संभाग स्तरीय नॉकआउट कम लीग फुटबॉल प्रतियोगिता 2026 का रोमांच गांधी स्टेडियम में चरम पर है। मंगलवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में बलसेड़ी और परसौड़ी के बीच कांटे का मुकाबला देखने को मिला, जहां अंत में टाई-ब्रेकर में बाजी बलसेड़ी के हाथ लगी। मैच के पहले हाफ से ही दोनों टीमों ने आक्रामक शुरूआत की। अच्छे पासिंग और तालमेल के साथ कई बार गोल पर हमले किए गए, लेकिन डिफेंस की मजबूती के चलते कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो सकी। दूसरे हाफ में भी दोनों टीमों ने जीत के लिए पूरा जोर लगाया, लेकिन निर्धारित समय तक स्कोर 0-0 ही रहा। इसके बाद मैच का निर्णय टाई-ब्रेकर से किया गया। टाई-ब्रेकर में बलसेड़ी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार 3 गोल दागे, जबकि परसौड़ी की टीम एक भी गोल नहीं कर सकी। इस तरह बलसेड़ी ने 3-0 से मैच जीतकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। मैच के मुख्य अतिथि के रूप में रणविजय सिंह तोमर, जितेंद्र गुप्ता और जगजीत मिंज उपस्थित थे। मैच में निर्णायक की भूमिका ललित किशोर, दिनेश तिर्की, राजकुमार और विकास ने निभाई। इस दौरान कार्यकारिणी सदस्य दीपक कुजूर, कमलेश किस्पोट्टा, अखिलानंद, विनोद पैकरा, मंगल सहित बड़ी संख्या में फुटबॉल प्रेमी और खिलाड़ी मौजूद रहे। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला आज सरगुजा इलेवन और कपसरा के मध्य खेला जाएगा। इस मैच को लेकर भी दर्शकों में भारी उत्साह है। विजेता टीम का सामना फाइनल में बलसेड़ी से होगा।

# शरद पूर्णिमा पर धर्म और सेवा का संगम, जैन महिला मंडल ने किया खीर वितरण

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अंबिकापुर। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में अंबिकापुर में श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ विभिन्न धार्मिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रामाणिक पाठशाला अंबिकापुर के बच्चों ने आचार्य श्री के जीवन, आदर्शों एवं प्रेरणादायी संदेशों पर आधारित मनमोहक प्रस्तुति दी। वहीं, अंबिकापुर जैन महिला मंडल द्वारा खीर वितरण एवं आचार्य छत्तीसी विधान का आयोजन किया गया। प्रामाणिक पाठशाला के बच्चों ने अपनी प्रतिभा, लगन एवं रचनात्मकता के माध्यम से आचार्य श्री के त्याग, तप, संयम, करुणा एवं मानव कल्याण के संदेश को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुति ने उपस्थित जनों का मन मोह लिया तथा सभी को आचार्य श्री के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी।प्रस्तुति में श्रीजल जैन, अक्षिता जैन, रक्षिता जैन, अविषी जैन, शिल्विका जैन, आन्या जैन, पावनी जैन, रेयांशी जैन, स्वजिता जैन, समायरा जैन, शनय जैन, नायशा जैन एवं वीर जैन ने सहभागिता निभाई। बच्चों ने धार्मिक संस्कारों, नैतिक मूल्यों एवं आचार्य श्री के विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इसी क्रम में जैन महिला मंडल द्वारा पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं के साथ-साथ राहगीरों को भी खीर वितरित की गई। इस सेवा कार्य के माध्यम से मंडल ने सामाजिक समरसता, सेवा एवं परोपकार का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत आचार्य छत्तीसी विधान का भी श्रद्धापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें जैन समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जैन महिला मंडल ने बताया कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के साथ समाज में सेवा, संस्कार एवं सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करना है। समग्र आयोजन श्रद्धा, भक्ति, धर्म एवं सेवा का सुंदर संगम रहा।

## कीटनाशक सेवन किए वृद्ध की मौत

अंबिकापुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम भफौली में कीटनाशक दवा के सेवन से 72 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है। मृतक के पोते निलेश पैंकरा ने पुलिस को बताया कि उसके दादा भुनेश्वर राम पैंकरा 23 अक्टूबर की सुबह नाश्ता करने के बाद घर से बस्ती तरफ निकले थे। दोपहर में खाना खाने के लिए बच्चे बुलाने गए, जिस पर उन्होंने बाद में आने की बात कही थी। शाम को 7-8 बजे शराब पीकर घर लौटे और बिना खाना खाए हॉल में जाकर सो गए। अलसुबह करीब 4 बजे स्वजन उठे तो वे अचेत अवस्था में पड़े थे। पास में ही कीटनाशक दवा का डिब्बा गिरा हुआ था। इन्हें गांव के लोगों की मदद से मेडिकल कॉलेज संबद्ध जिला अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे यहां उनका इलाज चल रहा था।

# मुनाफे से बड़ा इंसानियत का वादा, दिल से डांडिया टीम ने किया पशु कल्याण के लिए दान

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अंबिकापुर। नवरात्रि पर अंबिकापुर शहर में हर साल कई बड़े-बड़े डांडिया इवेंट्स का आयोजन होता है, जहां युवाओं की भारी भीड़ उमड़ती है। पर उन सब में ₹दिल से डांडिया₹ ही एकमात्र ऐसा इवेंट है जो सिर्फ एक इवेंट नहीं, बल्कि एक प्योर धार्मिक और 100% फैमिली ओरिएंटेड आयोजन के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुका है। यहां हर परिवार अपने बच्चों और बड़ों के साथ सुरक्षित और भक्तिमय माहौल में गरबा करता है। इसी सोच और संस्कार को आगे बढ़ाते हुए दिल से डांडिया सीजन-7 परिवार ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उनके लिए बिजनेस से बड़ा है अपना वादा और इंसानियत। ग्रुप ने सीजन शुरू होने से पहले ही यह संकल्प लिया था कि ₹चाहे इवेंट में मुनाफा हो, नुकसान हो या कुछ भी न हो, हम पशु कल्याण के लिए दान जरूर करेंगे।₹ अपने उसी वादे को निभाते हुए आज टीम ने तीन अलग-अलग पशु कल्याण संस्थाओं को सहयोग राशि भेंट की।

### तीन संस्थाओं को दिया दान

दान प्राप्त करने वाली संस्थाएं: गौ-सेवा के लिए-गौ सेवा मंडल, श्वान-सेवा के लिए-बेजुबान डॉग शेल्टर, सर्प/वन्यजीव रक्षा के लिए-माँ महामाया स्नेक टीम। इस अवसर पर दिल से डांडिया ग्रुप ने कहा, ₹अंबिकापुर में कई डांडिया होते हैं, लेकिन हमारा उद्देश्य सिर्फ भीड़ जुटाना नहीं है। हम एक संस्कार और परिवार वाला धार्मिक माहौल देना चाहते हैं। जानवर बोल नहीं सकते, इसलिए उनकी मदद करना हमारा कर्तव्य है। गाय, कुत्ता और सांप तीनों को हमारे प्यार की जरूरत है।

## सम्पादकीय

# डिजिटल दुनिया की बुनियादी कमजोरी उजागर, सुरक्षा जरूरी

डिजिटल क्रांति की चमक के पीछे छिपे गंभीर खतरे को नजरअंदाज करना अब भारी पड़ सकता है। जिस इंटरनेट को आधुनिक दुनिया की जीवनरेखा माना जाता है, उसकी बुनियाद में ही गंभीर कमजोरियां मौजूद हों तो सुरक्षा को लेकर चिंता स्वाभाविक है। प्रोग्रामिंग लैंग्वेज पीएचपी (हाइपरटेक्स्ट प्रीप्रोसेसर) में सामने आई खामी ने इसी खतरे की ओर ध्यान खींचा है। दुनिया की 70 प्रतिशत से अधिक वेबसाइटों की बुनियाद पीएचपी पर होने का दावा बताता है कि मामला किसी एक तकनीक तक सीमित नहीं है। यदि ऐसी खामियों का समय रहते समाधान नहीं हुआ, तो वेबसाइटों, डिजिटल कारोबार और संवेदनशील जानकारियों पर साइबर हमलों का जोखिम बढ़ सकता है। आज दुनिया का बड़ा हिस्सा इंटरनेट पर निर्भर है। बैंकिंग से लेकर खरीदारी तक, सरकारी सेवाओं से लेकर समाचारों तक, हमारी रोजमर्रा की जिंदगी डिजिटल प्रणालियों के सहारे चल रही है, लेकिन सवाल यह है कि जिस व्यवस्था पर करोड़ों लोग भरोसा कर रहे हैं, उसकी सुरक्षा की गारंटी कितनी मजबूत है? पीएचपी का इस्तेमाल लॉगिन व्यवस्था, ऑनलाइन दुकानों, डाटाबेस और समाचार वेबसाइटों के संचालन में होता है। इसकी किसी गंभीर खामी का फायदा उठाकर हमलावर वेबसाइटों के सर्वर तक पहुंचने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसे में खतरा केवल तकनीकी गड़बड़ी का नहीं, बल्कि निजी जानकारी, कारोबारी गतिविधियों और डिजिटल सेवाओं में लोगों के भरोसे का भी है। इनका लाभ दुनिया भर की बड़ी कंपनियां और संस्थान भी उठाते हैं, मगर सुरक्षा सुधारों के लिए पर्याप्त संसाधन जुटाने की जिम्मेदारी अक्सर स्पष्ट नहीं होती। एआई की मदद से शोधकर्ताओं द्वारा प्रोग्रामिंग कोड में छिपी खामियों का पता लगाना तकनीकी प्रगति का सकारात्मक पक्ष है। मगर यही क्षमता साइबर अपराधियों के हाथ लग जाए तो खतरे का दायरा भी बढ़ सकता है। इसलिए एआई को लेकर उत्साह के साथ सावधानी भी जरूरी है। तकनीक जितनी शक्तिशाली होगी, उसके दुरुपयोग को रोकने की तैयारी भी उतनी ही पुख्ता करनी होगी। केवल खामी सामने आने के बाद सक्रिय होना पर्याप्त नहीं है; संभावित कमजोरियों की पहचान और रोकथाम लगातार चलने वाली प्रक्रिया होनी चाहिए। अब जिम्मेदारी तय करने का समय है। वेबसाइट संचालकों और कंपनियों को सुरक्षा अद्यतन तत्काल लागू करने, पुराने सॉफ्टवेयर की पहचान करने, नियमित सुरक्षा परीक्षण कराने और साइबर हमले की स्थिति में त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था बनाने को प्राथमिकता देनी चाहिए। सरकारों और साइबर सुरक्षा एजेंसियों को भी संस्थानों के बीच सूचना साझा करने तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करना होगा। आम उपयोगकर्ताओं के लिए भी सतर्कता जरूरी है। अनजान वेबसाइटों पर संवेदनशील जानकारी देने से बचना, संदिग्ध लिंक नहीं खोलना और अपने उपकरणों तथा ब्राउजर को अद्यतन रखना समझदारी है। हालांकि, सर्वर से जुड़ी खामी का अर्थ यह नहीं कि हर व्यक्ति का मोबाइल या कंप्यूटर सीधे प्रभावित हो गया है। सच यह है कि डिजिटल दुनिया में सुविधा की रफ्तार सुरक्षा की तैयारी से आगे निकल गई, तो इसकी कीमत आम नागरिकों को अपनी निजता, धन और भरोसे से चुकानी पड़ सकती है। तकनीकी विकास का पैमाना केवल यह नहीं होना चाहिए कि कितनी सेवाएं ऑनलाइन आ गईं, बल्कि यह भी हो कि वे कितनी सुरक्षित हैं। डिजिटल क्रांति की सफलता वेबसाइटों की संख्या से नहीं, लोगों के भरोसे से तय होगी। सुरक्षा को बाद की मरम्मत नहीं, पहली शर्त बनाना ही समय की सबसे बड़ी मांग है।

आर्थिकी
सतीश सिंह

महंगाई का सबसे गहरा असर तब दिखता है, जब उतने ही रुपये खर्च करने पर घर की जरूरतें पहले से कम पूरी हो पाती हैं। साबुन, बिस्कुट, खाद्य तेल, चाय और डिटर्जेंट जैसी चीजों की खरीद टाली नहीं जा सकती। इसलिए इनकी कीमतों में मामूली बढ़ोतरी भी महीने भर में घरेलू बजट पर खासा बोझ डालती है। दैनिक उपयोग की वस्तुएं बनाने वाली कंपनियों पर बढ़ता लागत-दबाव इसी चिंता को उजागर करता है। सवाल यह है कि महंगे कच्चे माल का कितना बोझ कंपनी उठाएगी और कितना उपभोक्ताओं पर डालेगी। बाजार की असली मजबूती तभी होगी, जब परिवार रोजमर्रा का सामान खरीदने के लिए अपनी किसी दूसरी जरूरत में लगातार कटौती करने को मजबूर न हो।

# महंगाई की नई दस्तक से रसोई प्रभावित

महंगाई का सबसे गहरा असर तब दिखता है, जब उतने ही रुपये खर्च करने पर घर की जरूरतें पहले से कम पूरी हो पाती हैं। साबुन, बिस्कुट, खाद्य तेल, चाय और डिटर्जेंट जैसी चीजों की खरीद टाली नहीं जा सकती। इसलिए इनकी कीमतों में मामूली बढ़ोतरी भी महीने भर में घरेलू बजट पर खासा बोझ डालती है। दैनिक उपयोग की वस्तुएं बनाने वाली कंपनियों पर बढ़ता लागत-दबाव इसी चिंता को उजागर करता है। सवाल यह है कि महंगे कच्चे माल का कितना बोझ कंपनी उठाएगी और कितना उपभोक्ताओं पर डालेगी। एफएमसीजी यानी तेजी से बिकने वाली दैनिक उपभोग की वस्तुओं का उद्योग कई तरह की लागतों से प्रभावित होता है।

कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से परिवहन, प्लास्टिक पैकेजिंग और उत्पादन में इस्तेमाल होने वाली अन्य सामग्रियों का खर्च बढ़ सकता है। वहीं, चीनी, कोको, दूध, चाय और खाद्य तेल की कीमतों में बदलाव खाद्य उत्पादों की लागत को प्रभावित करता है। इन दबावों के चलते कंपनियों के मुनाफे में कमी आ सकती है और इस क्रम में आगे कुछ चुनिंदा वस्तुओं की कीमतें बढ़ने की संभावना भी जताई जा रही है। हालांकि, किसी कच्चे माल की कीमत में तेज उछाल को तैयार वस्तुओं की कीमतों में संभावित बढ़ोतरी का पक्का संकेत नहीं मानना चाहिए। हर उत्पाद की लागत-संरचना अलग होती है; इसमें संबंधित सामग्री की हिस्सेदारी, पैकेजिंग, वितरण, कर और कंपनी का मुनाफा शामिल होते हैं। प्रतिस्पर्धा और ग्राहकों की भुगतान-क्षमता भी अंतिम कीमत तय करने में अहम भूमिका निभाती हैं। बढ़ती लागत का असर बाजार तक पहुंचने में समय लेता है। कंपनियों और वितरकों के पास मौजूद पुराना भंडार कीमतों में तत्काल बढ़ोतरी को रोक सकता है। लेकिन भंडार खत्म होने पर महंगी खरीद का असर साफ दिखने लगता है। यही प्रक्रिया उलटी दिशा में भी लागू होती है। वैश्विक बाजार में कीमतें घटने पर महंगा पुराना माल इस्तेमाल कर रही कंपनी को तुरंत राहत नहीं मिलती। उपभोक्ता के लिए यह जरूरी है कि लागत में कमी का लाभ उसे उचित समय पर मिले। कंपनियों के सामने एक मुश्किल संतुलन साधने की चुनौती है। अतिरिक्त लागत खुद उठाने पर मुनाफा घटता है, जबकि पूरा बोझ ग्राहकों पर डालने से बिक्री प्रभावित हो सकती है। खासकर उन उत्पादों के मामले में, जिनके लिए ग्राहक स्थानीय ब्रांड या सस्ता विकल्प चुन सकते हैं, कीमतें बढ़ाने की गुंजाइश सीमित रहती है। एक अनुमान के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026–27 में परिचालन मार्जिन पर 100–150 आधार अंकों का दबाव पड़ सकता है। इस दबाव से निपटने के तीन तरीके हैं: कीमत बढ़ाना, उसी कीमत पर मात्रा घटाना, या छूट और प्रचार-प्रस्ताव कम करना। ग्राहक को कीमत में बढ़ोतरी तुरंत दिख जाती है, जबकि बाकी दो बदलाव आसानी से नजर से बच सकते हैं। उदाहरण के लिए, अगर किसी उत्पाद का 100 ग्राम का पैकेट 10 रुपये में मिलता है और उसी कीमत पर मात्रा घटाकर 90 ग्राम कर दी जाए, तो प्रति ग्राम लागत लगभग 11.1 प्रतिशत बढ़ जाती है। पैकेट पर कीमत वही रहती है, लेकिन उपभोक्ता का वास्तविक खर्च बढ़ जाता है। छोटे पैकेट सीमित नकदी वाले परिवारों के लिए उपयोगी होते हैं, क्योंकि वे कम भुगतान में ज़रूरी वस्तु

खरीदने की सुविधा देते हैं। हालांकि, छोटा पैकेट हमेशा प्रति इकाई सस्ता नहीं होता। इसलिए पैकेट पर शुद्ध मात्रा और इकाई-मूल्य साफ़-साफ़ दिखना चाहिए, साथ ही मात्रा में बदलाव की जानकारी भी आसानी से समझ में आनी चाहिए। कीमत और मात्रा की तुलना करके उपभोक्ता बेहतर निर्णय ले सकते हैं, बशर्ते जानकारी पढ़ने और समझने योग्य हो। इस पूरे घटनाक्रम में कंपनियों की बढ़ती बिक्री को भी सावधानीपूर्वक समझना चाहिए। राजस्व में वृद्धि कीमतों में बढ़ोतरी के कारण हो सकता है, जबकि बिक्री की मात्रा धीमी गति से बढ़ रही हो। उदाहरण के लिए, यदि कीमतें लगभग 7 प्रतिशत और बिक्री की मात्रा करीब 3 प्रतिशत बढ़े, तो कारोबार लगभग 10 प्रतिशत बढ़ सकता है। इससे यह निष्कर्ष नहीं निकलता कि परिवारों का उपभोग भी उतना ही मजबूत है। क्रिसिल ने मई में अपने आकलन में कहा था कि वित्त वर्ष 2026–27 में राजस्व वृद्धि में मूल्यवृद्धि की प्रमुख भूमिका होगी और बिक्री की मात्रा की वृद्धि धीमी रहने की संभावना है। ग्रामीण बाजारों की स्थिति आय और मौसम से गहराई से जुड़ी होती है। कृषि आय या रोजगार प्रभावित होने पर परिवार सबसे पहले गैर-जरूरी खर्च घटाते हैं। दबाव बना रहने पर वे जरूरी वस्तुओं की मात्रा, ब्रांड और खरीद की आवृत्ति में बदलाव करने लगते हैं। शहरी परिवारों पर किराया, शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन का खर्च भी पड़ता है। ऐसे में रोजमर्रा की कई वस्तुओं की कीमतों में छोटी-छोटी बढ़ोतरी मिलकर दूसरी जरूरतों के लिए बचने वाली रकम कम कर देती है। कंपनियों के लिए भी यह चुनौती है, क्योंकि ग्राहकों की कमजोर खरीद क्षमता का असर अंततः उनकी बिक्री पर पड़ता है। छोटे उत्पादकों और दुकानदारों पर इसका असर अलग तरह से पड़ता है। महंगा माल खरीदने के लिए अधिक कार्यशील पूंजी की जरूरत होती है, जबकि ग्राहक बढ़ी हुई कीमत स्वीकार करने में हिचकते हैं। बिक्री धीमी रहने पर माल और नकदी, दोनों अटक सकते हैं। बड़ी कंपनियों के पास खरीद, भंडारण और लागत संभालने की अपेक्षाकृत अधिक क्षमता होती है। छोटे उद्यमों को ऐसी वित्तीय सुविधा चाहिए, जो उनके कारोबार की वास्तविक स्थिति के अनुरूप हो। अस्थायी लागत-दबाव के कारण किसी व्यवहार्य कारोबार को कमजोर पड़ने देना रोजगार और प्रतिस्पर्धा, दोनों के लिए नुकसानदेह होगा। बेहतर भंडारण, कुशल परिवहन, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, ऊर्जा-दक्षता सुधारने और उत्पादन में अपव्यय घटाने से लागत पर स्थायी असर पड़ सकता है। आवश्यक वस्तुओं की व्यापार-नीति पूर्वानुमेय होनी चाहिए और कमी की स्थिति में उसकी समय पर समीक्षा की जानी चाहिए। साथ ही, ग्रामीण रोजगार और कमजोर परिवारों की क्रयशक्ति को सहारा देने वाले उपाय भी महत्वपूर्ण हैं। कंपनियों की जिम्मेदारी भी साफ है। जरूरी मूल्यवृद्धि पारदर्शी हो, मात्रा में बदलाव छिपाया न जाए और गुणवत्ता से समझौता न हो। लागत घटने पर ग्राहकों को राहत देने में भी उतनी ही तत्परता दिखनी चाहिए, जितनी लागत बढ़ने पर दाम बदलने में दिखाई जाती है। ग्राहक का विश्वास दीर्घकालिक व्यावसायिक पूंजी है; अल्पकालिक मुनाफे के लिए इसे कमजोर करना महंगा पड़ सकता है। साबुन की टिकिया और बिस्कुट का पैकेट घरेलू अर्थव्यवस्था के छोटे, लेकिन अहम संकेतक हैं। उनकी कीमत और मात्रा में बदलाव से पता चलता है कि परिवार की आय कितनी दूर तक साथ दे पा रही है। उद्योग की लाभप्रदता जरूरी है, लेकिन टिकाऊ वृद्धि के लिए ग्राहकों की खरीद क्षमता भी बनाए रखनी होगी। बाजार की असली मजबूती तभी होगी, जब परिवार रोजमर्रा का सामान खरीदने के लिए अपनी किसी दूसरी जरूरत में लगातार कटौती करने को मजबूर न हो।

(लेखक वरिष्ठ बैंकिंग एवं आर्थिक स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सारा संसार

अगर आप द्वारकादीश मंदिर जा रहे हैं, तो यहां के इस्कॉन मंदिर के दर्शन भी जरूर करें। भगवान कृष्ण और देवी राधा की आवास मूर्तियों को समृद्ध परिधानों में लिपटा हुआ और फूलों से अलंकृत किया गया, यह पूरी तरह से पत्थर से निर्मित मंदिर है। इसकी भव्यता देखते ही बनती है।

## समत्वं योग उच्यते

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से

अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ -जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग स्थित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।

संकलित
**दर्शन**

## श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद करता है

महर्षि वेदव्यास ने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। उन्होंने उससे पूछा- हे क्षुद्र जंतु, तुम इतनी तेजी से कहां जा रहे हो? उनके प्रश्न ने कीड़े को चोट पहुंचाई और वह बोला- हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं। यहां क्षुद्र कौन है और महान कौन? क्या इस प्रश्न और उसके उत्तर की सही-सही परिभाषा संभव है? कीड़े की बात ने महर्षि को

निरुत्तर कर दिया। फिर भी उन्होंने उससे पूछा- अच्छा यह बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? कीड़े ने कहा- मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूं। देख नहीं रहे, पीछे से कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीड़े के उत्तर ने महर्षि को चौंकाया। वे बोले, तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और बेहतर शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोला- महर्षि, मैं तो इस कीट योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूं, परंतु ऐसे प्राणी असंख्य हैं, जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझसे भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। कीड़े की बातों में महर्षि को सत्यता नजर आई। वे सोचने लगे कि वाकई जो मानव जीवन पाकर भी देहासक्ति और अहंकार से बंधा है, जो ज्ञान पाने की क्षमता पाकर भी ज्ञान से विमुख है, वह कीड़े से भी बदतर है। महर्षि ने कीड़े से कहा- नन्हें जीव, चलो हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़ा बोला- किंतु मुनिवर श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद कर देता है। कीड़े के कथन ने महर्षि को ज्ञान का नया संदेश दिया।

संकलित
**प्रेरणा**

## मन का मौन
डॉ. बलवीर आचार्य

# अभ्यास और वैराग्य का पथ

मानसिक एकाग्रता, आत्मिक शान्ति तथा अन्तर्मुखी जीवन के लिए मन का मौन अत्यन्त आवश्यक है। सामान्यतः मौन का अर्थ केवल वाणी का संयम समझा जाता है, किन्तु योग और अध्यात्म की दृष्टि से वास्तविक मौन मन की चंचल वृत्तियों का शान्त होना है। मुख से शब्दों के उच्चारण को रोक देना अपेक्षाकृत सरल है, परन्तु मन में निरन्तर उठने वाले विचारों, कल्पनाओं और संकल्प-विकल्पों के प्रवाह को नियंत्रित करना एक गम्भीर साधना का विषय है। मन की चंचलता और नियन्त्रण का उपाय : मन स्वभाव से ही चंचल, प्रमाथी और बलवान है। इसी यथार्थ को स्वीकार करते हुए अर्जुन ने श्रीकृष्णा से कहा था कि मन को वश में करना वायु को रोकने के समान कठिन है। इसके उत्तर में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि मन निस्सन्देह चंचल है, किन्तु 'अभ्यास' और 'वैराग्य' के द्वारा इसे नियंत्रित किया जा सकता है (गीता 6.35)। आगे वे स्पष्ट करते हैं कि असंयमित मन वाले व्यक्ति के लिए मानसिक शान्ति प्राप्त करना कठिन है, किन्तु जिसने अपने मन को साध लिया है, वह निरन्तर पुरुषार्थ द्वारा उसे अवश्य प्राप्त कर लेता है (गीता 6.36)। महर्षि पतञ्जलि ने भी योगदर्शन में इसी सत्य का प्रतिपादन किया है। समाधि पाद के सूत्र 1.12 में वे कहते हैं- 'अभ्यासवैराग्याभ्यां तन्निरोधः' अर्थात मन के व्यापार का निरोध अभ्यास और वैराग्य से ही सम्भव है। निरन्तर सजगता, ध्यान और आत्मनिरीक्षण का अभ्यास मन को स्थिरता प्रदान करता है, जबकि विषयों के प्रति अनासक्ति और मोह का क्षय वैराग्य को विकसित करता है। इन दोनों के समन्वय से मन का कोलाहल शान्त होने लगता है और साधक आन्तरिक मौन का अनुभव करता है। आन्तरिक मौन और साक्षीभाव : मन का मौन विचारों के पूर्ण अभाव का नाम नहीं है, अपितु विचारों से असंग (अलिप्त ) रहने की क्षमता का नाम है। इस अवस्था में साधक अपने भीतर उठने वाली मानसिक तरंगों का केवल साक्षी बना रहता है; वह उन्हें देखता है, किन्तु उनसे अपना तादात्म्य (जुड़ाव) स्थापित नहीं करता। यही साक्षीभाव मानसिक सन्तुलन, भावनात्मक परिपक्वता और आत्मिक प्रसन्नता का मूल आधार बनता है। वास्तव में मन ही हमारी इंद्रियों और कर्मों का नियामक है। मन की स्थिति के अनुसार ही व्यक्ति का व्यवहार, निर्णय और जीवन-दृष्टि निर्मित होती है। जब मन वासनाओं, राग-द्वेष और असंख्य इच्छाओं से व्याकुल रहता है, तब जीवन में तनाव, अशान्ति और असन्तोष बढ़ते हैं। इसके विपरीत, जब मन अभ्यास और वैराग्य के द्वारा संयमित हो जाता है, तब भीतर स्थिरता, विवेक और सहज आनन्द का उदय होता है। मन के मौन की अनिवार्यता- आज के यांत्रिक और तनावपूर्ण जीवन में मन का मौन केवल एक आध्यात्मिक आवश्यकता ही नहीं, अपितु मानसिक स्वास्थ्य की भी अनिवार्य शर्त है। ध्यान, जप, स्वाध्याय तथा आत्मचिन्तन के माध्यम से मन क्रमशः बाह्य आकर्षणों से हटकर अपने मूल स्वरूप की ओर उन्मुख होता है। यह स्थिति व्यक्ति को संसार के परिवर्तनशील अनुभवों के मध्य भी आन्तरिक सन्तुलन बनाए रखने की अपार शक्ति प्रदान करती है। अतः मन का मौन संसार से कोई पलायन नहीं, अपितु आत्मचेतना की एक उच्च अवस्था है। गीता के अनुसार यह अभ्यास और वैराग्य से प्राप्त होता है तथा योगदर्शन के अनुसार यही मन की शान्ति का सच्चा मार्ग है। जब मन की अशान्त तरंगें शान्त होने लगती हैं, तब साधक अपने वास्तविक स्वरूप का अनुभव करता है और स्थायी शान्ति, आनन्द तथा आध्यात्मिक उत्कर्ष की दिशा में निरन्तर अग्रसर होता है।

( लेखक महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन

### आज की पाती

**रोजगार के लिए हर पहलू पर ध्यान दें सरकारें**

सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और पढ़ाई के साथ-साथ इनके कौशल विकास के लिए भी एक नई योजना इंटर्नशिप शुरू की है। इसके लिए सरकार ने कुछ बड़ी कंपनियों को इसके दायरे में लाने का भी प्रयास किया है। इन कंपनियों में विद्यार्थियों को अपने कैरियर को संवारने की राह मिलेगी। इसके लिए सरकार अपनी तरफ से खर्च भी करेगी अर्थात जो विद्यार्थी इस योजना को अपनाते हैं, उनकी आर्थिक मदद भी करेगी और विद्यार्थी कंपनी के काम को सीखेंगे, ऐसा करके या तो अपना कोई बिजनेस कर सकेंगे या कंपनी में नौकरी आसानी से पा सकेंगे। यह योजना तभी कामयाब होगी जब कंपनियां इस योजना को सही तरीके से अमल में लाएंगी। रोजगार के लिए हर पहलू पर ध्यान देने की जरूरत है। -रेहान, रोहतक

## करंट अफेयर

# पाक ने ईरान से सटे प्रमुख सीमा मार्ग को फिर खोला

पाकिस्तान ने द्विपक्षीय व्यापार और सीमा पार आवाजाही फिर से शुरू करने के लिए ईरान से सटा एक प्रमुख सीमा मार्ग खोल दिया है। सीमा के एक सप्ताह तक मार्ग बंद रहने के कारण मालवाहक वाहन फंसे हुए थे, आपूर्ति बाधित हो गई थी और सर्दियों की शुरुआत से पहले एलपीजी की कमी की आशंका बढ़ गई थी। खबर के अनुसार, बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर जिले में गब्द-रिमदान सीमा मार्ग पर शनिवार को व्यापारिक गतिविधियां फिर शुरू हो गईं और सीमा अधिकारियों ने 16 अक्टूबर या उससे पहले की तारीख के माल भेजने संबंधी दस्तावेजों के साथ आने वाली वाणिज्यिक खेपों को सीमा पार करने की अनुमति दी है। ग्वादर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष मीर नवीद जान कलमाती ने पुष्टि की कि 'गेट 250' के नाम से भी जाने जाने वाले इस सीमा मार्ग को फिर से खोल दिया गया है। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान ने गब्द-रिमदान में ईरान के साथ अपनी सीमा खोल दी है और सामान से लदे ट्रकों तथा अन्य वाहनों को दोनों देशों के बीच आवाजाही की अनुमति दे दी है।' उन्होंने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि सीमा पार व्यापार बहाल होने से दोनों ओर फंसे व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों को तत्काल राहत मिलेगी।

## ऑफ बीट

# अकेलापन समझने के तरीके को बदल देता है

अगर कोई एक चीज़ है जो इंसानों के रूप में हम सब में एक जैसी है, तो वह यह है कि हममें से अधिकांश ने कभी न कभी अकेलापन महसूस किया है। लेकिन क्या सामाजिक रूप से अलग-थलग महसूस करने से होने वाला दर्द इंसान होने का एक हिस्सा है? जब हम अकेलापन महसूस करते हैं तो दुनिया इतनी अलग क्यों लगती है? हाल के शोध ने कुछ उत्तर देना शुरू कर दिया है। और यह पता चला है कि अकेलापन आपकी धारणा और संज्ञान को प्रभावित कर सकता है। अध्ययनों ने अकेलेपन से जुड़े मस्तिष्क क्षेत्रों में अंतर की पहचान की है। अकेले युवा वयस्कों में, सामाजिक अनुभूति और सहानुभूति से संबंधित मस्तिष्क के क्षेत्रों में कम घना सफेद पदार्थ (तंत्रिका तंतुओं का एक बड़ा नेटवर्क जो आपके मस्तिष्क के विभिन्न क्षेत्रों के बीच सूचना और संचार के आदान-प्रदान का काम करता है) होता है। लेकिन अकेले वृद्ध वयस्कों में, संज्ञानात्मक प्रसंस्करण और भावनात्मक विनियमन के लिए महत्वपूर्ण मस्तिष्क क्षेत्र वास्तव में मात्रा में छोटे होते हैं। एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि अकेले लोगों का दिमाग दुनिया को अजीब तरीके से संसाधित करता है।

## ट्रेंड

### अभद्र टिप्पणी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज पटना में मोदी जी के पिता के बारे में अभद्र टिप्पणी करके मर्यादा की सारी हदें पार कर दी है। यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस पार्टी ने मोदी जी या उनके परिवार के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया है। -अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### वोट चुराए जा रहे

हमारे वोट चुराए जा रहे हैं, और हम किसी भी हाल में इसे चुपचाप बर्दाश्त नहीं करेंगे। वोटर लिस्ट से नाम हटा दिए गए हैं। नियमों और कानूनों को तोड़ा गया है। और सवाल पूछने वालों पर लाठियां चलाई गई हैं। अब देश इसका जवाब देगा।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### भ्रष्टाचार का मामला

यूपी के नगर निकाय के उच्च अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया जाना चाहिए, क्योंकि कुछ लोग बिना पैसे जमा किए खुलेआम पोस्टर लगवा रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है- यह या तो भ्रष्टाचार का मामला है या फिर प्रशासन के दबाव का।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### कांग्रेस की बढ़ती हताशा

कांग्रेस पार्टी की प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रति नफरत सभी को पता है। इसी नफरत भरी मानसिकता को आगे बढ़ाते हुए, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे जी ने प्रधानमंत्री के दिवंगत पिता के बारे में जो अभद्र टिप्पणी की है, वह कांग्रेस की बढ़ती हताशा को दर्शाती है।
- धर्मेन्द्र प्रधान, सांसद, बीजेपी

## सुचना

रेत खदान हर्राटिकरा - 1, ग्राम हर्राटिकरा, तहसील - लटोरी, जिला-सूरजपुर छ.ग. खसरा क्रमांक 1009, रकवा 4.00 हेक्टेयर क्षेत्र पर घोषित रेत खदान हर्राटिकरा - 1 का रेत उत्खनन उत्खनन हेतु योगेश टंडन को लीज स्वीकृत है । रेत खदान परियोजना को पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त हो गई है, एवं प्रयावरण स्वीकृति की प्रतिया सचिवालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में अवलोकन हेतु उपलब्ध है । साथ ही इसकी अबलोकन भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली के वेबसाइट www.parivesh.nic.in पर भी उपलब्ध है ।

योगेश टंडन

हर्राटिकरा - 1 रेत खदान

## नाबालिग पुत्री/पुत्र के नाम परिवर्तन के मामले में (अभिभावक/पालक द्वारा प्रमाणित)

मैं देवमनीया

(माता/पिता/पालक का नाम) सुपुत्र सुपुत्री वीरू गाँव / शहर बड़की महरी तहसील बलरामपुर जिला बलरामापुर छत्तीसगढ़ राज्य ने पोती का नाम रोहनी (ROHANI) (पुराना नाम) से बदल कर रोशनी (ROSHNI) (नया नाम) रख लिया है।

देवमनीया

माता/पिता/पालक के हस्ताक्षर

## न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती तारा अग्रहरि आ०/ पति ध्यानचंद अग्रहरि जाति, निवासी देवीगंज रोड़ अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-सत्तीपारा, शीट नम्बर-9 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3377/9 रकबा 0.03 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 11.11.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 26.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी

अम्बिकापुर

## पत्नी के झगड़ा कर मायके जाने से नाराज पति ने फांसी लगाकर दी जान

लखनऊ।निगोहां थाना क्षेत्र के कुसमौरा गांव में पत्नी के झगड़ा कर मायके जाने से नाराज पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### खरगे के बयान पर भड़की भाजपा, इंडिया ब्लॉक के सहयोगियों ने संयम बरतने की दी सलाह

# देशव्यापी प्रदर्शन में बिना शर्त माफी की मांग, हार की हताशा में मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रहे

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस, उसके नेता और गठबंधन के सहयोगी इतने हताश हो चुके हैं कि उन्होंने सभ्य व्यवहार और शालीनता की सभी सीमाएं लांघ दी हैं। चुनावों में लगातार हार से कांग्रेसियों के चेहरे में हताशा दिखती है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार की राजधानी पटना में रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम नरेंद्र मोदी के पिता को लेकर एक विवादित टिप्पणी कर दी। इस बयान को भारतीय जनता पार्टी ने पीएम नरेंद्र मोदी के परिवार पर व्यक्तिगत हमला बताते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा है। भाजपा नेता कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ हमलावर है और उनसे बिन शर्त माफी की मांग कर रही है।

वहीं, भाजपा ने सोमवार को पूरे देश में विरोध प्रदर्शन कांग्रेस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस, उसके नेता और गठबंधन के सहयोगी इतने हताश हो चुके हैं कि उन्होंने सभ्य व्यवहार और शालीनता की सभी सीमाएं लांघ दी हैं। चुनावों में लगातार हार और जनता द्वारा नकारे जाने की हताशा कांग्रेस नेताओं के चेहरे और उनकी भाषा में साफ दिखाई देती है। वे गाली-गलौज करने लग जाते हैं।

**अपशब्दों से कम नहीं होगी पीएम की लोकप्रियता**

जनता समय आने पर कांग्रेस को उचित जवाब देगी

पटना में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खरगे का पुतला जलाया

### यह राजनीति की गरिमा का अपमान

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह केवल किसी व्यक्ति या परिवार का अपमान नहीं, बल्कि भारत का अपमान है। यह राजनीति की गरिमा पर भी हमला है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष को विरोध दर्ज कराने, नीतियों पर सवाल उठाने और सरकार की आलोचना करने का पूरा अधिकार है, लेकिन व्यक्तिगत मर्यादा की सीमाओं को पार नहीं करना चाहिए। कांग्रेस ने वैचारिक पतन का भी अनुभव किया है।

### भाषा की मर्यादा बनाए रखना जरूरीः पासवान

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि बिहार सभ्यता की जननी है, ऐसे में बिहार की धरती से खरगे द्वारा देश के लोकप्रिय पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन सार्वजनिक जीवन में भाषा की मर्यादा और पद की गरिमा का सम्मान बनाए रखना जरूरी है। राजनीतिक विरोध तथ्यों और तर्कों पर आधारित होना चाहिए, न कि व्यक्तिगत टिप्पणियों पर।

### इस तरह के आचरण की उम्मीद नहींः झा

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद मनोज झा ने कहा कि खरगे एक अनुभवी नेता हैं और उनसे इस तरह के आचरण की उम्मीद नहीं की जाती। उन्होंने कहा कि वह कई बार यह मांग उठा चुके हैं कि संसद का दो दिवसीय विशेष सत्र बुलाकर इस बात पर चर्चा होनी चाहिए।

### बात बढ़ाने की जरूरत नहींः शशि थरूर

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने खरगे का बचाव करते हुए कहा है कि उन्होंने आम बोलचाल में इस्तेमाल होने वाला एक वाक्य कहा था। थरूर के मुताबिक, इस बयान को किसी के पिता का अपमान मानने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले को बेवजह बड़ा मुद्दा नहीं बनाया जाना चाहिए।

### पीएम का अपमान करना उचित नहींः रामदास आठवले

केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि इतने बड़े राजनीतिक दल के अध्यक्ष का पीएम का अपमान करना उचित नहीं है। ऐसा लगता है कि खरगे को इस तरह की टिप्पणियां करने की आदत हो गई है, जो बिल्कुल सही नहीं है।

### परिवार को राजनीति में घसीटना गलतः प्रियंका चतुर्वेदी

इंडिया ब्लॉक गठबंधन में शामिल शिवसेना (यूबीटी) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि राजनीति में इस्तेमाल होने वाली भाषा का लगातार गिरता स्तर दुर्भाग्यपूर्ण है। राजनीति से कोई संबंध नहीं रखने वाली माताओं, पिताओं, बहनों, को राजनीतिक विवादों में घसीटना पूरी तरह गलत है।

### टीएमसी के दोनों गुटों में बढ़ा विवाद

# ऋतब्रत का आरोप, ममता के लोगों ने हलफनामे छीनने की कोशिश की

### हलफनामा ले जा रहे ट्रक को लूटने की कोशिश

ममता बेनर्जी, ऋतब्रत बेनर्जी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के मूल नाम और चुनाव चिह्न को लेकर दोनों गुटों के बीच विवाद तेज हो गया है। विधानसभा में विपक्ष के नेता और ऋतब्रत बेनर्जी के नेतृत्व वाले गुट ने ममता बेनर्जी के नेतृत्व वाले गुट पर चुनाव आयोग में जमा किए जाने वाले महत्वपूर्ण हलफनामे छीनने की कोशिश का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि इन शपथ-पत्रों का उद्देश्य पार्टी के मूल नाम 'ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' और चुनाव चिह्न 'फूल और घास' पर अपना अधिकार साबित करना है। उन्होंने दावा किया कि कोलकाता से नई दिल्ली जा रहे एक ट्रक को लूटने की कोशिश की गई।

### कार्यकर्ताओं ने कोशिश नाकाम की

ऋतब्रत बेनर्जी ने कहा कि हमारे हलफनामे सड़क मार्ग से दिल्ली ले जाए जा रहे हैं। हमारे कार्यकर्ता 24 तारीख की सुबह इन दस्तावेजों को लेकर चुनाव आयोग में जमा करने के लिए निकले थे। आधे घंटे पहले ट्रक पर कब्जा करने और हमारे दस्तावेजों को छीनने की कोशिश की गई। हमारे कार्यकर्ताओं ने बहादुरी से इसका सामना किया। लड़ाई जारी है। यह 'चार्टर्ड कल्चर' और 'ग्रास रूट' के संकल्प के बीच की लड़ाई है। तानाशाह हर क्षेत्र में संगठित लूट की अपनी कोशिशों में सफल नहीं होंगे। बता दें, इस साल की शुरुआत में ईसीआई ने मूल पार्टी नाम 'ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' और इसके मूल चुनाव चिह्न 'घास और फूल' को अस्थायी रूप से फ्रीज कर दिया था। ममता बेनर्जी के गुट को नया नाम 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' और चुनाव चिह्न 'फुटबॉल खिलाड़ी' दिया गया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने बढ़ाई समयसीमा

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को ऋतब्रत बेनर्जी गुट को तृणमूल कांग्रेस के नाम और चुनाव चिह्न से जुड़े विवाद में चुनाव आयोग (ईसीआई) के सामने अपना जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिन का अतिरिक्त समय दे दिया। साथ ही, ममता बेनर्जी गुट को भी प्रतिद्वंद्वी गुट के हलफनामे पर जवाब देने के लिए 10 दिन और दिए गए हैं। यह मामला पार्टी पर नियंत्रण को लेकर चल रहे विवाद से जुड़ा है, जिसमें दोनों गुट तृणमूल कांग्रेस पर अपना दावा कर रहे हैं। इससे पहले 28 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों को चार सप्ताह के भीतर सभी दस्तावेज और जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। इसके बाद चुनाव आयोग को तीन महीने के भीतर मामले पर फैसला करना था। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने ये निर्देश दिए हैं।

## न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-2026

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका शैलेष सिंह आ०/पति योगेश्वर सिंह जाति निवासी बाबूपारा, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-बाबूपारा, शीट नम्बर 9 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3533/14 रकबा 0.3 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 05.11.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांकः 16.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी

अम्बिकापुर

## न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)

रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष

ग्राम प.ह.न.

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जुगमोनी पति स्वः समयलाल जाति तुरी निवासी ग्राम सत्यनगर प.ह.न 17 रा.नि.मं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश किया गया है आवेदक के पुत्र सत्यम पिता समयलाल का जन्म/ मृत्यु दिनांक 18/10/2025 को ग्राम सत्यनगर में हुई है, अज्ञानतावश जन्म / मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक अपने पुत्र सत्यम का जन्म / मृत्यु पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत सत्यनगर को आदेशित करने आवेदन पेश किया है जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 10/11/2026. तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27/10/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी

भैयाथान जिला - सूरजपुर (छ०ग०)

## न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ०ग०)

रा०प्र०क्र०-/ब-121/2026-27

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक खुर्शीद आलम खां आ. इब्राहिम खां, निवासी ग्राम भगवानपुरकला, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम भगवानपुरकला स्थित खसरा नंबर 177/14 रकबा 0.024 हे. भूमि के राजस्व अभिलेख में हुये हुये त्रुटि को सुध सुधार करने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय, अम्बिकापुर के समक्ष में प्रस्तुत किया गया है, जो जाँच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 13/11/2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना -दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांकः- 22/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी

तहसीलदार

अम्बिकापुर

## न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ०ग०)

रा०प्र०क्र०-/अ-24/2026-27

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भोला भगत आ० नन्दन भगत व अन्य निवासी निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित भूमि खसरा नंबर 6/2 रकबा 0.053 हे0 भूमि को सडक रास्ता हेतु छ0ग०शासन के पक्ष में त्यजन किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई विनांक 13.11.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांकः 23/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार

अम्बिकापुर

# विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों पर मंथन, एक बूथ पर 1200 से अधिक मतदाता नहीं होंगे

गोरखपुर जनपद मे विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी दीपक मीणा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) के साथ बैठक कर अब तक की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में मतदान केंद्रों और मतदेय स्थलों के पुनर्गठन को लेकर विस्तार से मंथन किया गया। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार अब किसी भी मतदेय स्थल पर 1200 से अधिक मतदाता नहीं रखे जाएंगे। इसी मानक के आधार पर बूथों के पुनर्गठन की प्रक्रिया पर चर्चा हुई। इस संबंध में अंतिम निर्णय एक-दो दिन में लिया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी ने विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए मतदाता सूची, मतदेय स्थलों की व्यवस्था और निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। पहले जिले में मतदेय स्थलों की जो व्यवस्था निर्धारित की गई थी, उसके प्रस्ताव निर्वाचन आयोग को भेजे जा चुके हैं। अब एक मतदेय स्थल पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1200 निर्धारित किए जाने के कारण बूथों की संख्या और उनके पुनर्गठन की आवश्यकता पर विचार किया जा रहा है। अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने इस संबंध में अपने सुझाव रखे। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि मतदेय स्थलों का निर्धारण निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप किया जाए, ताकि मतदाताओं को मतदान के दिन किसी प्रकार की असुविधा न हो। मतदाताओं की संख्या के आधार पर बूथों का समायोजन करते समय स्थानीय परिस्थितियों और मतदान केंद्रों की उपलब्धता को भी ध्यान में रखा जाएगा। बूथों के पुनर्गठन की प्रक्रिया में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सुझावों पर भी विचार किया गया। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने निर्वाचन संबंधी तैयारियों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने पर जोर दिया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम वित्त जय प्रकाश, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं ईआरओ खजनी कुनाल रस्तोगी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं एसीएम द्वितीय मुकुल खंडेलवाल, एसडीएम सदर एवं ईआरओ ज्ञान प्रताप सिंह, एसडीएम चौरीचौरा एवं ईआरओ रवि सिंह, एसडीएम कैंपियरगंज एवं ईआरओ आलोक रंजन सिंह, एसडीएम बांसगांव एवं ईआरओ मलखान सिंह, एसडीएम गोला एवं ईआरओ मनीष कुमार, एसडीएम सहजनवां एवं ईआरओ नमन मेहता, एसीएम प्रथम एवं ईआरओ पवन कुमार जायसवाल तथा सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी शंकर मिश्रा मौजूद रहे। बैठक में भाजपा, सपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, बसपा, सीपीआई सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया।

## न्यायालय नजूल अधिकारी सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

रा०प्र०क्र०

ईश्तहार

आगामी तिथि 30/10/026

इस सार्वजनिक ईश्तहार के जरिये सर्व साधारण आम जनता / संस्था / विभाग को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदकगण बसन्त आ. स्व. रामप्यारी, व अन्य 1, निवासी सूरजपुर, तहसील व जिला सूरजपुर छ०ग० द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदकगण के पिता स्व. रामप्यारी आ. देवराज के नाम पर नगर सूरजपुर में भू-खण्ड क्रमांक 1965/2 रकबा 4790 वर्गफीट स्थित है। आवदेक के पिता स्व. रामप्यारी का मृत्यु दिनांक 12/03/1982 को होने से आवेदकगण के नाम पर फौती नामांतरण दर्ज करने हेतु अनुरोध किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन लंबित है। अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / विभाग को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक / लीगल एजेंट के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति दिनांक 30/10/2026 को न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 16/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी

सूरजपुर

जिला -सूरजपुर छ.ग.

## न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा०प्र०क०/20(1)/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती रानी अग्रवाल आ०/पति प्रमोद अग्रवाल जाति निवासी भाथूपारा, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला बाबूपारा, शीट नम्बर 9 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3467/4866/278 रकबा 2250 वर्गफीट भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 11.11.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः 26.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी

अम्बिकापुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका नरेन्द्र कुमार वर्मा आ०/पति बेनी प्रसाद वर्मा जाति निवासी दरीपारा, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-अस्पताल रोड, शीट नम्बर-2 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 4183/4 रकबा 0.03 1/4 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 11.11.26 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 26.10.26 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी

अम्बिकापुर

## न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ०ग०)

रा०प्र०क्र०-/अ-6/2026-27

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देव कुमार साहू आ० नान्हू साहू जाति तेली निवासी ग्राम मणीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग० के द्वारा ग्राम लक्ष्मीपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 92/2 रकबा 0.019 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखो में पंजीबद्ध दान पत्र दिनांक 11.09.2026 के माध्यम से नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 04.11.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 16/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार

अम्बिकापुर, सरगुजा

## न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा०प्र०क्र०/20(1)/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका दीपक कुमार कालड़ा आ०/पत्ति रमेश कुमार कालड़ा जाति, निवासी सुभाषनगर, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-देवीगंज रोड़, शीट नम्बर-2 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 465/4 रकबा 958 वर्गफीट भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 06.11.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः 22.10.26 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी

अम्बिकापुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा०प्र०क्र०/ 20(1)/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अमर कुमार कालड़ा आ०/पति रमेश कुमार कालड़ा जाति, निवासी सुभाषनगर, अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला देवीगंज रोड़, शीट नम्बर-2 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 465/2, 466/1 रकबा 299, 653 वर्गफीट भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक / आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 06.11.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांकः- 22.10.26 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी

नजूल अधिकारी

अम्बिकापुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका नर सिंह अग्रवाल आ०/पति रामकिशन अग्रवाल जाति, निवासी रामानुजगंज रोड़ अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-बौरीपारा, शीट नम्बर-4 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 2175/8 रकबा 0.10 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 04.11.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 07.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी

अम्बिकापुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अमर कुमार कालड़ा आ०/पति रमेश कुमार कालड़ा जाति निवासी देवीगंज रोड़ अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-सत्तीपारा, शीट नम्बर-2 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 608/3 रकबा 0.05 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 06.11.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।

आज दिनांकः 22.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी

अम्बिकापुर

# रायपुर-दुर्ग में दो कारोबारियों के ठिकानों पर ईडी की दबिश

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। छत्तीसगढ़ में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए रायपुर और दुर्ग में दो कारोबारियों के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। रायपुर में ज्वेलरी और जमीन कारोबारी नितिन डागा और दुर्ग में बघेल्स कॉर्पोरेट के संस्थापक गुलशन बघेल के आवास पर ईडी की टीमें दस्तावेज खंगाल रही हैं। फिलहाल दोनों जगहों पर कार्रवाई जारी है। ईडी की ओर से छापेमारी की आधिकारिक पुष्टि और मामले का खुलासा नहीं किया गया है।

### रायपुर में पंडरी में सुबह 4 बजे पहुंची टीम

जानकारी के अनुसार, ईडी की टीम मंगलवार तड़के करीब 4 बजे रायपुर के पंडरी क्षेत्र स्थित रवि नगर के सुशील विला पहुंची। दो गाड़ियों में आए अधिकारियों ने कारोबारी नितिन डागा के घर में दबिश दी और दस्तावेजों की जांच शुरू की। नितिन डागा का ज्वेलरी और जमीन के कारोबार से गहरा जुड़ाव बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, टीम वित्तीय लेन-देन, संपत्ति से जुड़े दस्तावेज और बैंक खातों की जानकारी जुटा रही है। हालांकि, किस मामले में यह छापेमारी की गई है, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

### दुर्ग में भारतमाला प्रोजेक्ट से जुड़ी कार्रवाई की आशंका

दूसरी ओर दुर्ग की ऋषभ कॉलोनी में बघेल्स कॉर्पोरेट प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक गुलशन बघेल के आवास पर भी ईडी की टीम ने दबिश दी है। बताया जा रहा है कि टीम दो गाड़ियों में 10 से अधिक अधिकारियों के साथ पहुंची थी। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई भारतमाला परियोजना से जुड़े कथित अनियमितताओं और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में होने की आशंका जताई जा रही है, लेकिन एजेंसी की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

### कौन हैं गुलशन बघेल?

गुलशन बघेल बघेल्स कॉर्पोरेट प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक हैं। उनकी कंपनी बिल्डिंग निर्माण, सड़क निर्माण, अर्थवर्क, मटेरियल हैंडलिंग और परिवहन सेवाओं से जुड़ी है। कंपनी सरकारी और निजी क्षेत्र की कई बड़ी निर्माण परियोजनाओं में काम कर चुकी है, जिसमें सड़क और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट शामिल हैं।

### पुराना विवाद भी रहा है चर्चा में

उपलब्ध जानकारी के अनुसार, करीब 6 साल पहले गुलशन बघेल पर खुद को तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भतीजा बताकर सरकारी नौकरी लगवाने का दावा करने और एक महिला से ठगी करने का आरोप लगा था। इस मामले में पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार भी किया था। यह पुराना मामला है और मौजूदा ईडी कार्रवाई से इसका संबंध होने की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। आधिकारिक बयान का इंतजाररायपुर और दुर्ग में हुई इस कार्रवाई के पीछे का असली मामला, जांच का दायरा, बरामदगी और पूछताछ से जुड़े तथ्य अभी स्पष्ट नहीं हैं। ईडी की ओर से आधिकारिक जानकारी सामने आने के बाद ही यह तय हो सकेगा कि दोनों ठिकानों पर छापेमारी किन आरोपों और तथ्यों के आधार पर की गई है। फिलहाल दोनों शहरों में कारोबारी हलकों में इस कार्रवाई को लेकर चचाओं का दौर तेज है।

## जीई रोड स्थित अनुपम गार्डन महावीर पार्क का होगा विकास, विधायक-मेयर ने किया निरीक्षण

रायपुर। रायपुर पश्चिम विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने नगर निगम अधिकारियों को जीई मार्ग स्थित अनुपम गार्डन महावीर पार्क का शीघ्र विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जोन-7 अधिकारियों को डीपीआर तैयार कर प्रस्तुतिकरण देने को कहा है। विधायक मूणत ने आज महापौर मीनल चौबे के साथ अनुपम गार्डन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जोन-7 जोन कमिश्नर डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, उपअभियंता अर्जिता दीवान, सुश्री जिज्ञासा जैन और विक्रम सिंह ठाकुर को पार्क की व्यवस्था सुधारने और जनअपेक्षा के अनुरूप विकास कार्य प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सभापति सूर्यकांत राठौड़, लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, एमआईसी सदस्य दीपक जायसवाल, सुमन पांडेय, जोन-5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, पार्षद महेंद्र औसर, एल्डरमैन अनिल सोनकर, बी. श्रीनिवास राव, पूर्व पार्षद आशीष अग्रवाल, दिलीप यदु, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ की जेलों में स्टाफ की कमी पर हाईकोर्ट की फटकार, भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने प्रदेश की जेलों में रिक्त पदों पर भर्ती की धीमी प्रक्रिया और बेमेतरा जिले के पथर्रा गांव में स्थापित ओपन जेल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने डीजी जेल से शपथपत्र के माध्यम से स्पष्ट जवाब मांगा है कि जेलों में लंबे समय से खाली पड़े पदों पर भर्ती कब तक पूरी की जाएगी। साथ ही पथर्रा ओपन जेल की बाहरी सुरक्षा के लिए पुलिस बल उपलब्ध कराने के मुद्दे पर डीजीपी से भी जवाब तलब किया है। मामले में अगली सुनवाई 26 नवंबर 2026 को होगी।

### जेलों में रिक्त पदों पर भर्ती धीमी

मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस के.आर. महापात्र की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच में हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया बेहद धीमी गति से चल रही है और डीजी जेल को शपथपत्र प्रस्तुत कर भर्ती की समय-सीमा बताने का निर्देश दिया।

### पथर्रा में ओपन जेल स्थापित

पिछली सुनवाई में राज्य सरकार ने बताया था कि कोर्ट के निर्देश पर बेमेतरा के पथर्रा में ओपन जेल स्थापित की गई है। 14 जुलाई 2026 को अधिसूचना जारी कर जेल की स्थापना की गई और 13 अगस्त 2026 को छत्तीसगढ़ ओपन जेल संचालन एवं प्रबंधन नियम, 2026 अधिसूचित किए गए। इन नियमों में पात्र कैदियों के चयन, पात्रता और अन्य जेलों से स्थानांतरण की प्रक्रिया का प्रावधान है। पथर्रा में 200 बंदियों की क्षमता वाली ओपन जेल विकसित की गई है।

### 48 पदों का प्रस्ताव

सरकार ने बताया कि ओपन जेल के संचालन के लिए 48 पदों के सृजन और सीधी भर्ती की अनुमति का प्रस्ताव भेजा गया है। जेल अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों की पदस्थापना का प्रस्ताव भी तैयार है। कैदियों को कौशल विकास, व्यावसायिक प्रशिक्षण और रोजगार से जोड़ने के लिए संस्थानों के साथ समन्वय किया जा रहा है।

### सुरक्षा बल नहीं मिलने पर डीजीपी से जवाब

राज्य शासन ने बताया कि पथर्रा ओपन जेल की बाहरी सुरक्षा के लिए सशस्त्र बल की एक कंपनी तैनात करने के लिए डीजीपी से कई बार अनुरोध किया जा चुका है, लेकिन बल उपलब्ध नहीं हो पाया है। इस पर हाईकोर्ट ने डीजीपी से भी शपथपत्र के जरिए जवाब मांगा है।

## अपूर्ण एवं अपंजीकृत परियोजना पर सीजी-रेरा की सख्त कार्रवाई, प्रमोटर को 6.87 लाख ब्याज देने का आदेश

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (सीजी-रेरा) ने रायपुर के सेजबहार स्थित वात्सल्य गौरव-1, फेज-1 परियोजना में विकास कार्य अधूरे रहने पर सख्त आदेश जारी किया है। प्राधिकरण ने प्रमोटर को आबंटी को 6,87,496 रुपये ब्याज के रूप में देने और पूर्णता प्रमाण पत्र मिलने तक हर महीने 7,314 रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया है।

### क्या है मामला?

सुनवाई में पाया गया कि परियोजना में स्वीकृत ले-आउट के अनुसार सड़क, नाली, बिजली, पेयजल जैसे विकास कार्य पूरे नहीं किए गए हैं और सक्षम प्राधिकारी से पूर्णता प्रमाण पत्र भी नहीं लिया गया है। इसी आधार पर परियोजना को अपूर्ण और चालू मानते हुए रेरा अधिनियम 2016 की धारा 18 के तहत ब्याज भुगतान का आदेश दिया गया। आदेश के मुताबिक प्रमोटर को आबंटी द्वारा जमा 8,12,643 रुपये पर वर्ष 2019 से अक्टूबर 2026 तक 10.80 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर से कुल 6,87,496 रुपये देने होंगे। साथ ही 1 नवंबर 2026 से पूर्णता प्रमाण पत्र मिलने तक हर माह 7,314 रुपये देना होगा।

### बिना पंजीयन पर अलग प्रकरण

प्राधिकरण ने पाया कि परियोजना का रेरा पंजीयन भी नहीं कराया गया है, जो धारा 3 के तहत अनिवार्य है। इस पर प्रमोटर के खिलाफ धारा 59 के तहत अलग से प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। रेरा ने स्पष्ट किया कि भूखंड बेच देने से प्रमोटर की जिम्मेदारी खत्म नहीं होती, स्वीकृत ले-आउट अनुसार सुविधाएं देना और प्रमाण पत्र लेना उसका दायित्व है।

# छत्तीसगढ़ में मंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक कमेंट करने वाला युवक गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। छत्तीसगढ़ में कैबिनेट मंत्री एवं सतनामी समाज के धर्मगुरु गुरु खुशवंत साहेब के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर आपत्तिजनक और अमर्यादित टिप्पणी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने डिजिटल साक्ष्यों और तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर चंदखुरी से आरंग तक निकाली गई 71 किलोमीटर लंबी विशाल कांवड़ यात्रा से संबंधित पोस्ट साझा की गई थी। इस पोस्ट के कमेंट सेक्शन में त्र्स्त्र१ रँझ्रूं नामक इंस्टाग्राम आईडी से कथित तौर पर मंत्री और सतनामी समाज के खिलाफ बेहद अशोभनीय, अपमानजनक और अमर्यादित भाषा में टिप्पणियां की गई थीं। मामले के सामने आने के बाद सामाजिक स्तर पर नाराजगी जताई गई थी। घटना को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता ओम प्रकाश बघेल ने सिविल लाइन थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणियों से मंत्री की व्यक्तिगत प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है और सतनामी समाज सहित अन्य लोगों की धार्मिक व सामाजिक भावनाएं आहत हुई हैं। शिकायत के बाद सिविल लाइन पुलिस ने 17 अगस्त को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 296, धारा 196 और धारा 353(2) के तहत अपराध दर्ज किया था। ये धाराएं अश्लील कृत्य, विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देने और सार्वजनिक शरारत से संबंधित बयानों से जुड़ी हैं। प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक धीरेंद्र बंजारे द्वारा की जा रही थी। पुलिस ने डिजिटल साक्ष्यों और तकनीकी जानकारी के विश्लेषण के आधार पर आरोपी तक पहुंचकर गिरफ्तारी की।

# हमारे वनों की समृद्धि और मातृशक्ति के परिश्रम से तैयार उत्पाद बनें छत्तीसगढ़ की पहचान - मुख्यमंत्री

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास में छत्तीसगढ़ हर्बल्स के दिवाली गिफ्ट पैक का लोकार्पण किया। वन धन विकास केंद्रों से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित स्थानीय और हर्बल उत्पादों को आकर्षक गिफ्ट पैक के रूप में तैयार किया गया है। इस पहल से जहां छत्तीसगढ़ के गुणवत्तापूर्ण स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार मिलेगा, वहीं लघु वनोपज संग्राहकों और महिला समूहों की आजीविका को भी मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध वन संपदा लाखों वनवासी परिवारों की आजीविका का आधार है। सरकार का प्रयास है कि वनों से प्राप्त उपज का अधिक से अधिक मूल्य संवर्धन प्रदेश में ही हो और सीधा लाभ संग्राहकों और महिला समूहों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि वन धन विकास केंद्रों के माध्यम से हमारी माताएं-बहनें स्थानीय वनोपज को प्रसंस्कृत कर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार कर रही हैं। बेहतर पैकेजिंग, ब्रांडिंग और बाजार से जोड़कर उनके परिश्रम को नई पहचान दे रहे हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। छत्तीसगढ़ हर्बल्स के दिवाली गिफ्ट पैक दो श्रेणियों - प्रीमियम और सामान्य में तैयार किए गए हैं। प्रीमियम पैक में नौ प्रकार के और सामान्य पैक में पांच प्रकार के उत्पाद शामिल हैं। इन्हें छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ द्वारा संचालित संजीवनी विक्रय केंद्रों से खरीदा जा सकेगा। गिफ्ट पैक में जामुन जूस, जामुन स्प्रेड, आंवला कैंडी, इमली कैंडी, कोदो और महुआ से बने कुकीज, च्यवनप्राश, वाइल्ड फॉरेस्ट हनी, बस्तर के मसाला एवं नमकीन काजू, जशपुर की ग्रीन टी और एलोवेरा जेल जैसे उत्पाद शामिल हैं। उत्पाद प्रदेश के विभिन्न वन धन विकास केंद्रों कौरीनभाटा (राजनांदगांव), बोड़ला (कवर्धा), पंचक्की (जशपुर), आसना (जगदलपुर), दुगली (धमतरी), डोंगानाला (कटघोरा) और केंद्रीय प्रसंस्करण इकाई जामगांव (एम) दुर्ग में तैयार हो रहे हैं।

# अधिनियम में बदलाव के साथ सोच और कार्यसंस्कृति में भी बदलाव जरूरी : अनुराग सिंह देव

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। वित्त, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल आने वाले वर्षों में प्रदेश के आर्थिक और अधोसंरचनात्मक विकास का प्रमुख इंजन बनेगा। हाउसिंग बोर्ड को केवल आवास निर्माण तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि सड़क, पुल, खेल अधोसंरचना, सार्वजनिक भवनों, टाउन प्लानिंग और शहरी पुनर्विकास जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं में भी इसकी भागीदारी बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के लक्ष्य को साकार करने के लिए मंडल को परंपरागत कार्यप्रणाली से आगे बढ़कर नवाचार, आधुनिक तकनीक, वित्तीय प्रबंधन और परिणामोन्मुखी कार्यसंस्कृति अपनानी होगी। आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री चौधरी आज नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ संवाद के ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला का उद्देश्य मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तकनीकी दक्षता, प्रशासनिक क्षमता, वित्तीय प्रबंधन और कार्यकुशलता में वृद्धि करना तथा उन्हें आधुनिक निर्माण तकनीकों, नवाचारी वित्तीय मॉडल और अधोसंरचना विकास की नई संभावनाओं से परिचित कराना था। मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल को आर्थिक रूप से सुदृढ़, आत्मनिर्भर और बहुआयामी अधोसंरचना विकास संस्था के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से मंडल की वित्तीय स्थिति में सुधार, रिक्त संपत्तियों के विक्रय, नई परियोजनाओं के चयन और कार्यप्रणाली में व्यापक सुधार किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड का अधोसंरचना विकास मंडल के रूप में विस्तार केवल नाम या अधिनियम में परिवर्तन नहीं है, बल्कि यह संस्था की सोच, कार्यशैली और जिम्मेदारियों में व्यापक बदलाव का अवसर है। उन्होंने कहा कि वास्तविक परिवर्तन तभी संभव होगा, जब प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी नवाचार, तकनीकी दक्षता और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण के साथ कार्य करेगा। इसी उद्देश्य से आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में आईआईएम रायपुर सहित प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञों द्वारा प्रबंधन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, तकनीकी अधोसंरचना और वित्तीय प्रबंधन जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया जा रहा है। उन्होंने विशेषज्ञों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण मंडल की भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप अधिकारियों और कर्मचारियों की क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। मंडल अध्यक्ष श्री सिंह देव ने कहा कि पिछले लगभग 18 महीनों में मंडल ने संपत्ति विक्रय, राजस्व अर्जन और नई परियोजनाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने लगभग 8 हजार संपत्तियों के विक्रय और 1,800 करोड़ रुपये के राजस्व अर्जन का उल्लेख करते हुए कहा कि ओटीएस योजना तथा प्रभावी विपणन प्रयासों से लंबे समय से रिक्त संपत्तियों के विक्रय को गति मिली है। उन्होंने बताया कि लगभग 2 हजार करोड़ रुपये से अधिक की नई परियोजनाओं को आगे बढ़ाया गया है तथा आगामी दिसंबर में भी नई परियोजनाएं प्रारंभ करने की तैयारी है। उन्होंने अधिकारियों से बकाया राशि की वसूली, संपत्तियों के विक्रय और परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही मंडल को पीपीपी मॉडल, पुनर्विकास और अन्य अधोसंरचना परियोजनाओं में अपनी भागीदारी बढ़ाने तथा अन्य राज्यों की निविदाओं में प्रतिस्पर्धा करने योग्य बनाने पर जोर दिया।

## कार की ठोकर से घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अंबिकापुर। सूरजपुर जिला के बिश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम केशवनगर में कार के चालक ने वृद्ध को ठोकर मार दिया, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कार चालक ने स्वयं थाने जाकर घटना की जानकारी दी थी, इसके पहले वह वृद्ध को सूरजपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उसका इलाज चल रहा था। जानकारी के मुताबिक, ग्राम केशवनगर निवासी जेठूराम रवि 78 वर्ष, पेंथर मोपेड से दिन में करीब 11 बजे किराना सामान लेने गये थे, जिन्हें अम्बेडकर चैक के पास कार वाहन क्रमांक सीजी 10 बीजे 3867 के चालक साकेत कुमार विश्वकर्मा ने सामने से ठोकर मार दिया। दुर्घटना में उन्हें काफी चोट आई थी। हादसे के बाद कार के चालक ने उन्हें खुद साधुराम सेवाकुंज अस्पताल सूरजपुर में भर्ती कराया था, जहां उनका इलाज चल रहा था। बिश्रामपुर थाना पुलिस ने मृतक के पुत्र रेवती रमन रवि की रिपोर्ट पर कार चालक के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है। इसके बाद घायल वृद्ध को सूरजपुर अस्पताल से छुट्टी कराकर स्वजन मेडिकल कॉलेज संबद्ध जिला अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे थे, यहां आपातकालीन चिकित्सा परिसर में 26 अक्टूबर को रात 10.55 बजे चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना पर स्थानीय पुलिस ने मर्ग कायम करके मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# माँ काली पूजा के लिए की जा रही व्यापक तैयारी, 17 वें वार्षिकोत्सव पर होगा भव्य आयोजन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** परंपरा के अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्री सार्वजनिक माँ काली पूजा समिति के द्वारा कालरात्रि माँ काली की पूजा धूमधाम से की

## समिति की गई गठित

जाएगी। जिसके लिए रविवार को यहां अग्रेसन भवन में समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यक्रम की भव्यता एवं आयोजित अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। सार्वजनिक समिति इस वर्ष अपना 17 वां वार्षिकोत्सव मना रही है। नगर के भैयाथान रोड पँचमन्दिर पारा स्थित दुर्गा बाड़ी में होने वाली माँ काली पूजन हेतु भव्य पंडाल निर्माण के साथ व्यापक तैयारियां की जा रही है। समिति के सदस्यों ने बताया कि 8 नवम्बर रविवार की दोपहर 3 बजे कलश स्थापना, 4 बजे शिव तांडव, साढ़े पांच बजे चंडी पाठ के पश्चात रात्रि 11 बजे से माँ काली की पूजा प्रारम्भ होगी। रात्रि 2 बजे देवी अभिषेक, प्रात: 3 बजे

दीपदान एवं बलिदान, प्रात: 4 बजे पुष्पांजलि, प्रात: साढ़े चार बजे माता रानी का महाभोग ततपश्चात हवन एवं आरती की जाएगी। 9 नवम्बर सोमवार संध्या 7 बजे महाआरती पश्चात कन्या पूजन व कन्याभोज एवं महाकाली का भंडारा, माता को चुनरी भेंट, भगवती जागरण तथा गरबा महोत्सव का कार्यक्रम होगा। 10 नवम्बर मंगलवार को सिंदूर दान एवं भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। सम्पूर्ण आयोजन के सुव्यवस्थित संचालन के लिए समिति के पदाधिकारी बनाये गए है। जिनमे संरक्षक रामकृष्ण ओझा, मुकेश गर्ग चंचलेश श्रीवास्तव, पवन मितल, अध्यक्ष रूपेश मितल, उपाध्यक्ष रामजी साहू, आशीष गुप्ता, संजीत गुप्ता, कोषाध्यक्ष संजय गर्ग, कृष्णमंगल हरिओम अग्रवाल, सचिव अजय सिंह, आशिक सोनी बाबू, सहसचिव प्रविण साहू, विक्की साहू, व्यवस्थापकप्यारे साहू, सुमित मित्तल, राकेश महराज, नितेश गुप्ता,पूजा प्रमुख विकास साहू, स्पर्श श्रीवास्तव को बनाया गया है। वहीं 9 नवम्बर दिन सोमवार को आयोजित विशाल भण्डारा के लिए रामबिलास मित्तल, पूनम गर्ग, दिनेश गुप्ता सुन्दरलाल पाटकर, निरंकार सिंह चौहान, भोला साहू भंडारा प्रमुख बनाये गए हैं। जबकि सदस्यों में शंकर अग्रवाल, मनोज सोनी, राकेश जायसवाल, राकेश महराज, मयंक तिवारी, अमन ठाकुर, संदीप ठाकुर, लाला साहू, शुभम अग्रवाल, मित गुप्ता, नवीन गुप्ता, वीरू गुप्ता, दीपक साहू, अदवेत मित्तल, अंशुल अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, अंकुर तिवारी, ओमकार सोनी, महादेव साहू, रोहित सिंह, दीपक साहू पिंटू, प्रवीण गोयल, गोलू पाण्डेय, कृष्णा गुप्ता, रिषभ जैन, नितिन सोनी, वंश अग्रवाल, काशवी मित्तल शामिल है। ज्ञात हो कि नगर में पिछले 17 वर्षों से श्री श्री माँ काली पूजा समिति के द्वारा मां काली पूजन का आयोजन भव्य रूप से किया जाता है। आयोजन में शहर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माँ काली के दर्शन एवं आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमो में शामिल होने के लिए पहुंचते है। सर्वजनिक रूप से शहर में एक स्थान पर मनाए जाने वाला उक्त धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन शहर की पहचान बन चुका है।

आयोजन की तैयारियों में समिति के सदस्य एवं सहयोगी संस्था श्री बाल गणेश पूजा समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

# आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रेमनगर में करेंगे आमसभा को संबोधित

**मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास**

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जिले के नगर पंचायत प्रेमनगर में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण, शिलान्यास कार्यक्रम एवं आमसभा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम का आयोजन प्रात: 11 बजे से मिडिल स्कूल ग्राउंड प्रेमनगर में किया गया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल करेंगे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल, सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, प्रतापपुर विधायक

श्रीमती शकुंतला पोर्ते एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंदमणि पैकरा उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत प्रेमनगर अध्यक्ष श्रीमती सुखमनिया जगत, जनपद प्रेमनगर अध्यक्ष फूलेश्वर प्रसाद सिरदार, नगर पालिका परिषद सूरजपुर अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता राजवाड़े, जनपद सूरजपुर अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सिंह, नगर पंचायत विश्रामपुर अध्यक्ष श्रीमती निर्मला यादव, जनपद पंचायत रामानुजनगर अध्यक्ष गुलाब सिंह पुहूप, नगर पंचायत शिवनंदनपुर अध्यक्ष रितेश जायसवाल, नगर पंचायत भटगांव अध्यक्ष श्रीमती परमेश्वरी राजवाड़े, जनपद प्रतापपुर अध्यक्ष श्रीमती सुखमनिया सिंह, नगर पंचायत जरही अध्यक्ष पूरन राम राजवाड़े, जनपद भैयाथान अध्यक्ष श्रीमती सुलोचनी पैकरा, नगर पंचायत प्रतापपुर की अध्यक्ष श्रीमती मानती सिंह, जनपद ओड़गी की अध्यक्ष श्रीमती इन्द्रमणि पैकरा एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इस अवसर पर विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे साथ ही आमसभा को संबोधित करेंगे।

# गढवतिया जंगल में पेड़ों की कटाई कर वन भूमि पर कब्जे की लगी होड़, वन विभाग की चुप्पी पर उठे सवाल

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिहारपुर।** सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के वन परिक्षेत्र अंतर्गत गढवतिया जंगल में पेड़ों की कटाई कर वन भूमि पर कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। जंगल में पेड़ों की कटाई और जमीन पर कथित कब्जे को लेकर वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय स्तर पर आरोप है कि जंगल में लगातार पेड़ों की कटाई की जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। वन संपदा की सुरक्षा और अवैध कटाई पर रोक लगाने की जिम्मेदारी वन विभाग की है। इसके बावजूद गढवतिया जंगल में पेड़ों की कटाई की शिकायतें सामने आने से विभागीय निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो जंगल के अस्तित्व और पर्यावरण को नुकसान पहुंच सकता है।

वन भूमि पर कथित कब्जे और पेड़ों की कटाई के मामले में अब तक क्या कार्रवाई हुई है, यह स्पष्ट नहीं है। क्षेत्र में वन संरक्षण को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।।अब देखना होगा कि वन विभाग के अधिकारी इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और गढवतिया जंगल में पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने के लिए क्या कदम उठाते हैं। साथ ही, कथित अवैध कब्जे की जांच कर वन भूमि को सुरक्षित रखने के लिए क्या कार्रवाई की जाती है।

# केनापारा में आरु साहू की छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर ग्राम पंचायत तेलईकछार केनापारा में छत्तीसगढ़ सुप्रसिद्ध लोक गायिका आरु साहू का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आज 28 अक्तूबर बुधवार को श्री समलेश्वरी महामाया मंदिर प्रांगण केनापारा में किया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े उपस्थित रहेंगी। विशिष्ट अतिथि सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच अहिल्या देवी करेंगी। महामाया मंदिर समिति केनापारा द्वारा कार्यक्रम में अधिकाधिक लोगों से शामिल होने आह्वान किया गया है।

# *प्रतापपुर अस्पताल में की गई पावर बैकअप की व्यवस्था*

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर में विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए 200 केवीए का जनरेटर सेट उपलब्ध कराया गया है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की पहल से अस्पताल की लंबे समय से लंबित पावर बैकअप की मांग पूरी होने पर क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली है। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के विशेष प्रयासों से जनरेटर सेट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर को उपलब्ध कराया गया है। इसके शुरू होने के बाद बिजली गुल होने की स्थिति में अस्पताल की आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को निर्बाध रूप से संचालित करने में मदद मिलेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी है कि विगत वर्षों में अस्पताल में ब्लड बैंक निर्माण के कारण सोलर सिस्टम से मिलने वाला पावर बैकअप बाधित था। इसके चलते स्वास्थ्य सेवाओं एवं अस्पताल के अन्य कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अब मातृत्व स्वास्थ्य केंद्र भैयाथान से प्राप्त 200 केवीए के जनरेटर सेट की स्थापना होने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर में विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर भी आवश्यक चिकित्सा व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में सहायता मिलेगी और मरीजों को बेहतर एवं सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

# खेत में धान की फसल, गिरदावली में रखबा जीरो, पटवारियो की हड़ताल से किसान परेशान

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**चांदनी बिहारपुर।** पटवारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल के बीच किसानों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के दर्जनभर गांवों में गिरदावली रिकॉर्ड में त्रुटियों के कारण किसान चिंतित हैं।

## शिविर लगाकर सुधार कराने की मांग

स्थिति यह है कि कई किसानों के खेतों में धान की फसल खड़ी है, लेकिन ऑनलाइन गिरदावली में धान का रकबा शून्य दर्ज दिखाई दे रहा है। ऐसे में किसानों के सामने समर्थन मूल्य पर धान बेचने का संकट खड़ा हो गया है। जानकारी के अनुसार, राजस्व पटवारी संघ के सदस्य 13 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इसके चलते राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के महुली, खोहीर, बैजनपाठ, लूल्ह, रामगढ़, जुड़वानिया, कोल्हुआ, चोंगा, कछवारी, करौटी सहित आसपास के गांवों के किसान गिरदावली में हुई गड़बड़ियों को लेकर परेशान हैं। किसानों का कहना है कि उनके खेतों में धान की

फसल लगी हुई है, इसके बावजूद गिरदावली रिकॉर्ड में धान का रकबा जीरो दर्ज है। कई किसानों के रिकॉर्ड में धान के स्थान पर दूसरी फसल दर्ज है, जबकि कुछ किसानों की फसल का विवरण ही नहीं दिखाई दे रहा है। इससे किसानों को धान बेचने के लिए पंजीयन और रिकॉर्ड में सुधार कराने की चिंता सता रही है। इस समस्या से उन किसानों की चिंता और बढ़ गई है, जिन्होंने जिला सहकारी बैंक से कृषि ऋण लिया है। खेतों में धान की फसल तैयार होने के बावजूद गिरदावली में रकबा शून्य दिखने से किसानों को आशंका है कि वे सरकारी धान खरीदी व्यवस्था के तहत अपनी उपज बेचने से वंचित रह सकते हैं। यदि समय रहते रिकॉर्ड में सुधार नहीं हुआ, तो किसानों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है और कृषि ऋण चुकाने की चिंता भी बढ़ सकती है।

क्षेत्र के किसानों ने सूरजपुर कलेक्टर से मांग की है कि चांदनी बिहारपुर के दूरस्थ गांवों में तत्काल विशेष शिविर लगाए जाएं। शिविरों में किसानों की शिकायतें सुनकर खेतों में लगी वास्तविक फसल का सत्यापन कराया जाए और गिरदावली में दर्ज त्रुटियों को सुधारने की व्यवस्था की जाए। किसानों का कहना है कि दूरस्थ क्षेत्र में उनकी समस्याएं सुनने और निराकरण करने के लिए तत्काल पहल की जरूरत है। धान खरीदी का समय नजदीक होने के कारण यदि जल्द सुधार नहीं हुआ, तो बड़ी संख्या में किसान अपनी

उपज बेचने से वंचित रह सकते हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए समय रहते राहत प्रदान करने की मांग की है।

# युवाओं की प्रतिभा, ऊर्जा और सपनों को नई उड़ान देने आयोजित हुआ युवा उड़ान

**0 राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करने वाला आयोजन-तोमर**
**0 विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प से युवाओं को जोड़ने की पहल**

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यहाँ मंगल भवन में युवा उड़ान 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को विकसित भारत ञ्च 2047 के विजन से जोड़ना तथा विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में उनकी सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विश्व विजय सिंह तोमर ने संबोधित करते हुए कहा कि युवा उड़ान 2026 युवाओं को अपनी प्रतिभा, कौशल और रचनात्मकता पहचानने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करने वाला आयोजन है। विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। युवा अपनी ऊर्जा, नवाचार और संकल्प के माध्यम से विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में योगदान दें।

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने कहा कि युवा किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति के महत्वपूर्ण आधार हैं। युवाओं की प्रतिभा, कौशल और सकारात्मक सोच को उचित अवसर प्रदान कर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना आवश्यक है। युवा उड़ान 2026 जैसे आयोजन युवाओं को अपने लक्ष्य निर्धारित करने, नई संभावनाओं को पहचानने तथा विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में सहभागी बनने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

कार्यक्रम में युवाओं की ऊर्जा, क्षमता और रचनात्मकता को विकास की संभावनाओं से जोड़ने पर जोर दिया गया कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी, कौशल और नवाचार विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष शैलेष अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि एवं युवा उपस्थित रहे।

# बिना ट्रेड सर्टिफिकेट दोपहिया वाहन बेचने पर परिवहन विभाग की कार्रवाई, चलगली के शोरूम के 5 वाहन ब्लैकलिस्ट

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** बिना ट्रेड सर्टिफिक्रेट दोपहिया वाहनों का विक्रय करने पर परिवहन विभाग ने चलगली स्थित आनंद हीरो शोरूम के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसके 5 वाहनों को ऑनलाइन ब्लैकलिस्ट कर दिया है। ब्लैकलिस्ट किए गए इन वाहनों का पंजीयन तब तक नहीं हो सकेगा, जब तक संबंधित डीलर विभाग से विधिवत ट्रेड सर्टिफिक्रेट प्राप्त नहीं कर लेता।

उल्लेखनीय है कि मोटर यान अधिनियम, 1988 के तहत वाहन विक्रय करने वाले प्रत्येक डीलर के लिए परिवहन विभाग से ट्रेड सर्टिफिक्रेट प्राप्त करना अनिवार्य है। जांच में पाया गया कि संबंधित शोरूम द्वारा बिना ट्रेड सर्टिफिक्रेट के ही दोपहिया वाहनों का विक्रय किया जा रहा था, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। इसी आधार पर विभाग ने यह कार्रवाई की है।

# चक्रवात के मद्देनजर आपात स्थिति के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 अक्टूबर के मध्य अर्नव चक्रवात के प्रभाव से जिले में संभावित अतिवृष्टि, जलभराव, बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई है।

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देशन में आपदा संबंधी सूचनाओं के त्वरित संकलन, समन्वय एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संयुक्त जिला कार्यालय भवन के प्रथम तल स्थित कक्ष क्रमांक एच-12/88 में आगामी आदेश पर्यंत तक जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07775-266116 है। कंट्रोल रूम का संचालन 24 घंटे किया जाएगा, जिसके लिए कर्मचारियों की चार पालियों में ड्यूटी निर्धारित की गई है। इसके सुचारू संचालन एवं निगरानी हेतु संयुक्त कलेक्टर प्रशांत कुमार कुशवाहा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। संभावित आपदा की परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए समस्त एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपा गया हैं। कलेक्टर ने संभावित अतिवृष्टि एवं बाढ़, प्राकृतिक आपदा की स्थिति को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों को सतर्कता बरतने तथा आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य करने के निर्देश दिए हैं।



जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे मौसम संबंधी सावधानियों का पालन करें, नदी-नालों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें तथा किसी भी आपात स्थिति या प्राकृतिक आपदा की सूचना तत्काल जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर पर संपर्क करें।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं, 43 आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण के निर्देश

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर रोहित व्यास ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं, मांगें और शिकायतें गंभीरतापूर्वक सुनीं। उन्होंने नागरिकों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को नियमानुसार परीक्षण कर समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे जिला प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिला।

कलेक्टर ने कहा कि जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन को प्राथमिकता के साथ लिया जाए। जिन प्रकरणों में विभागीय जांच, स्थल निरीक्षण या अन्य प्रक्रिया जरूरी है, उनमें नियमानुसार कार्रवाई कर आवेदकों को राहत दी जाए। जनसमस्याओं के निराकरण में अनावश्यक देरी न हो और प्रत्येक प्रकरण की प्रगति पर अधिकारी नियमित निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप समस्याओं का समाधान संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ होना चाहिए। आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्रवाई की जानकारी समय पर दी जाए। लंबे समय से लंबित मामलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।

जनदर्शन के दौरान कुल 43 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें राजस्व, साफ-सफाई एवं मूलभूत सुविधाएं, सड़क व अधोसंरचना निर्माण, आजीविका और शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने से संबंधित आवेदन शामिल रहे। कलेक्टर ने पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

# ग्रामीणों का इंतजार खत्म, मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में 2.73 करोड़ की सड़क का निर्माण पूरा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

**जशपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिले के फरसाबहार तहसील क्षेत्र के फरदबहार से झारमुंडा मार्ग का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। लगभग 2 करोड़ 73 लाख रुपये की लागत से 2.10 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया गया है।

इस सड़क के बनकर तैयार होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। बेहतर सड़क संपर्क से ग्रामीणों को दैनिक आवागमन के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आने-जाने में सहूलियत होगी। साथ ही क्षेत्र में परिवहन व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।जशपुर जिले में ग्रामीण सड़कों के निर्माण एवं सुधार कार्यों को गति दी जा रही है। सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की महत्वपूर्ण आधारशिला होती हैं। बेहतर सड़क संपर्क से गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ने, ग्रामीणों की आवाजाही आसान बनाने और स्थानीय विकास को गति देने में मदद मिलती है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सड़क अधोसंरचना के विस्तार पर जोर दिए जाने से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य हो रहे हैं। फरदबहार से झारमुंडा मार्ग का निर्माण पूरा होना भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र की मांग पूरी होने पर मुख्यमंत्री साय का आभार व्यक्त किया है।

# मौसम विभाग ने जारी किया भारी वर्षा का अलर्ट, कलेक्टर ने की सुरक्षा की अपील

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** भारत मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवाती तूफान 'अर्नब' तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके प्रभाव से छत्तीसगढ़ में 27 अक्टूबर से वर्षा गतिविधियां बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया है कि 28 और 29 अक्टूबर को प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। संभावित खराब मौसम को देखते हुए किसानों से अपील की गई है कि वे फसलों की सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानियां बरतें, खेतों में जल निकासी की उचित व्यवस्था रखें तथा कटी हुई फसल और कृषि उपज को सुरक्षित स्थान पर रखें।

जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि इस दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें और अनावश्यक यात्रा से बचें। तेज हवा के दौरान पेड़ों, बिजली के खंभों और कच्चे मकानों से दूर रहें, नदी-नालों, जलाशयों और बाढ़ संभावित क्षेत्रों के पास न जाएं और मौसम संबंधी जानकारी के लिए रेडियो, टीवी और मोबाइल पर लगातार अपडेट देखते रहें। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है। आपातकालीन स्थिति में जिला नियंत्रण कक्ष (जशपुर) 07763-223732 पर संपर्क करें।

# 10 लाख के लोन का झांसा देकर खाते से उड़ाए 1.93 लाख, पत्थलगांव पुलिस ने भिलाई में दबोचा ठग

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

**जशपुर।** लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पत्थलगांव पुलिस ने एक आरोपी को भिलाई से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के दो साथी अभी भी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

### फर्जी फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी बनकर दिया झांसा

जानकारी के अनुसार प्रार्थी गजानंद चौहान उम्र 36 वर्ष निवासी शांतिनगर, तिलडेगा, थाना पत्थलगांव ने 3 अगस्त 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वर्ष 2025 में उसे लोन की आवश्यकता थी। इसी दौरान भिलाई निवासी चंद्रमणि देवदास ने फोन कर खुद को सोमी फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड का कर्मचारी बताया और कहा कि उसके पास प्रार्थी की लोन फाइल आई है। 10 लाख रुपये का लोन लेने के लिए सुरक्षा निधि के रूप में राशि जमा करनी होगी। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर प्रार्थी से सिक्योरिटी मनी के नाम पर कुल 1 लाख 93 हजार रुपये लेकर धोखाधड़ी की और फरार हो गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पत्थलगांव में अपराध क्रमांक 163/2026 धारा 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

### बैंक खातों से मिला सुराग, भिलाई से पकड़ाया

विवेचना के दौरान पुलिस ने प्रार्थी के बैंक से जानकारी जुटाई। आरोपी घटना के बाद से फरार था। मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी भिलाई में छिपा है। इस पर पत्थलगांव से पुलिस टीम भिलाई भेजी गई और आरोपी चंद्रमणि देवदास उम्र 33 वर्ष निवासी भिलाई-3, जिला दुर्ग को हिरासत में लेकर जशपुर लाया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसने अन्य व्यक्तियों के बैंक खातों का उपयोग कर ठगी की राशि प्राप्त की और उसे घरेलू उपयोग में खर्च कर दिया। साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने 26 अक्टूबर 2026 को उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। पुलिस ने मामले में संलिप्त अन्य दो आरोपियों को भी चिन्हित कर लिया है, उन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। इस पूरी कार्यवाही में थाना प्रभारी पत्थलगांव निरीक्षक जितेंद्र कुमार ताम्रकार, प्रधान आरक्षक चंद्रविजय पैंकरा और आरक्षक देवसिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए चतुर्थ काउंसलिंग की चयन सूची जारी

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए चतुर्थ काउंसलिंग के तहत प्राप्त आवेदनों के आधार पर मेरिट क्रम में चयन सूची जारी कर दी गई है। चयन सूची विभागीय वेबसाइट [https://ekla-vya.cg.nic.in](https://eklavya.cg.nic.in) पर प्रदर्शित की गई है। चयनित विद्यार्थियों को आवंटित प्रयास आवासीय विद्यालय में 30 अक्टूबर 2026 तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच प्रवेश लेना अनिवार्य' होगा। निर्धारित समय-सीमा में प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने के लिए विद्यार्थियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित विद्यालय में उपस्थित होना होगा।


प्रयास आवासीय विद्यालय
चतुर्थ चयन सूची का प्रकाशन
मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना
कक्षा 9वीं • सत्र 2026-27

सूचना

चतुर्थ चयन सूची https://eklavya.cg.nic.in पर प्रकाशित की गई है।

प्रवेश हेतु महतवपूर्ण निर्देश:

- चयनित अभ्यर्थियों का प्रवेश अनिवार्य रूप से दिनांक 30.10.2026 तक, सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक पूर्ण किया जाना है।

प्रवेश के समय प्रस्तुत किए जाने वाले आवश्यक दस्तावेज़:

1) कक्षा 8वीं की 60% अंकसूची की छायाप्रति
2) पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी नक्सल पीड़ित प्रमाण पत्र
3) जाति प्रमाण पत्र
4) विशेष पिछड़ी जनजाति प्रमाण पत्र
5) 02 दिन के भीतर DEO से काउंटर हस्ताक्षरित TC एवं जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी सिकलसेल जांच प्रमाण पत्र
6) संस्था परिवर्तन मान्य नहीं है

प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को कक्षा 8वीं में प्रथम श्रेणी अर्थात 60 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण होने की अंकसूची, पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी नक्सल पीड़ित प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, विशेष पिछड़ी जनजाति प्रमाण पत्र तथा जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी सिकलसेल जांच प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। इसके अलावा, प्रवेश की पात्रता होने पर दो दिवस के भीतर जिला शिक्षा अधिकारी से काउंटर हस्ताक्षरित स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी) भी जमा करना होगा। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि चयनित विद्यार्थियों को आवंटित प्रयास आवासीय विद्यालय में ही प्रवेश लेना होगा। प्रवेश के बाद संस्था परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी। अतः चयनित विद्यार्थी निर्धारित तिथि के भीतर सभी अनिवार्य दस्तावेजों के साथ प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

# चक्रवाती सिस्टम 'अरनब' को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किया अलर्ट, स्कूलों में विशेष सावधानी के निर्देश

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती सिस्टम 'अरनब' के प्रभाव से आगामी 03 दिवस मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। इस संबंध में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जशपुर द्वारा आदेश जारी किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार चक्रवात के प्रभाव से 28 अक्टूबर को जशपुर जिले के कई हिस्सों में बारिश की गतिविधियां बढ़ेंगी तथा कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की गई है। वहीं 29 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के अधिकांश जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है, साथ ही गरज-चमक के साथ तेज हवाएं भी चल सकती हैं। इस दौरान न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आ सकती है जिससे सुबह और रात में ठंड बढ़ने की संभावना है।

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, समस्त प्राचार्य एवं प्रधान पाठक शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल जिला जशपुर को निर्देशित किया गया है कि इस दौरान विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों का विशेष ध्यान रखेंगे तथा उनका सुरक्षा मानकों का पालन करेंगे। साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी विद्यार्थी इस दौरान पेड़ के नीचे न रहे, जर्जर भवन में न रहे, ट्रांसफार्मर से दूरी बनाए रखें, बारिश में कोई न भीगे इसका भी ध्यान रखेंगे। साथ ही किसी प्रकार की समस्या होने पर अपने बीआरसी, विकासखंड स्तरीय अधिकारियों और जिला अधिकारियों को तत्काल सूचित करेंगे।

# पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सह पत्रकार हरगोविंद अग्रवाल का आकस्मिक निधन

- स्व अग्रवाल के पार्थिव शरीर को भारी संख्या में लोगो ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई
- ब्लॉक कांग्रेस द्वारा तिरंगे वस्त्र एवं पुष्प चक्र से दी श्रधांजलि

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

**पत्थलगांव।** नगर पत्थलगांव के वरिष्ठ समाजसेवी ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार रहे हरगोविंद का आकस्मिक निधन हो गया।

मिली जानकारी अनुसार कल दिनांक 26 अक्टूबर को रात्रि लगभग 11 बजे अचानक सीने में तेज दर्द होने व बेहोश हो जाने पर परिजनों ने तत्काल श्री अग्रवाल को नगर पत्थलगांव के डिवाइन हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहा उनका बी पी लो होना बताया गया जिसकी रिकवरी हेतु चिकित्सको द्वारा भरसक प्रयास किया गया किन्तु चिकित्सको का प्रयास सफल नही हुवा और लगभग एक से डेढ़ बजे के मध्य हरगोविंद अग्रवाल ने दम तोड़ दिया।यह खबर फैलते ही नगर व आसपास में शोक की लहर दौड़ गई और सुबह से ही उनके घर पर अपने अजीज हरगोविन्द अग्रवाल की वास्तविकता जानने लोगो की भीड़ लगने लगी जिनमे नगरवासी से लेकर, जनप्रतिनिधि, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री, कांग्रेस के नेतागण, पत्रकार गण पहुचने लगे और हरगोविन्द अग्रवाल के निधन होने की पुष्टि होने पर लोग स्तब्ध रह गये, लोगो की आंखे नम हो गई।

स्व हरगोविन्द अग्रवाल के पार्थिव शरीर को पंचतत्व में विलीन करने भारी संख्या में लोग मुक्तिधाम तक पहुचकर नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष हरगोविन्द अग्रवाल के पार्थिव शरीर को कांग्रेस कमेटी द्वारा अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल की अगुवाई में कांग्रेस का तिरंगा वस्त्र एवं पुष्प चक्र अर्पित कर अंतिम विदाई दी गई, इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, पूर्व मंत्री रामपुकार सिंह, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, पूर्व विधायक यू डी मिंज, पूर्व विधायक हृदय राम राठिया, कुनकुरी नगरपंचायत अध्यक्ष विनयशील गुप्ता, पूर्व गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष शेखर त्रिपाठी, पूर्व जनपद अध्यक्ष सुकृत सिंह, श्रीमती आरती सिंह, सुश्री रत्ना पैकरा, महेन्द्र अग्रवाल, कुलविंदर सिंह भाटिया सहित कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता, पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

स्व. हरगोविंद अग्रवाल अपने 59 वर्ष की आयु में ही अपने भरा पूरा परिवार सहित अपनी पत्नी , एक पुत्री व एक पुत्र को रोता विलखता छोड़कर इस दुनिया से चले गये।

# बगीचा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं का ब्लॉक स्तरीय प्रदर्शन, 5 सूत्रीय मांगों को लेकर रैली

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

**जशपुर।** बगीचा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने मंगलवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर ब्लॉक स्तरीय हड़ताल एवं प्रदर्शन किया। हजारों की संख्या में कार्यकर्ता और सहायिकाएं इस प्रदर्शन में शामिल हुईं। मुख्य मार्गों से रैली निकालते हुए प्रदर्शनकारी तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार उमा सिंह को ज्ञापन सौंपकर मांगों को राज्य सरकार तक पहुंचाने का आग्रह किया।

### पांच सूत्रीय प्रमुख मांगें

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संयुक्त मंच, छत्तीसगढ़ ने ज्ञापन में पांच मांगें रखी हैं - मानदेय वृद्धि - कार्यकर्ताओं के लिए 30 हजार रुपये और सहायिकाओं के लिए 25,500 रुपये प्रतिमाह, नियमितीकरण और पदोन्नति - कार्यकर्ताओं को सुपरवाइजर तथा सहायिकाओं को कार्यकर्ता पद पर पदोन्नति, सामाजिक सुरक्षा - समूह बीमा, पेंशन एवं ग्रेच्युटी की सुविधा, आकस्मिक मृत्यु पर परिवार को आर्थिक सहायता, मध्यप्रदेश की तर्ज पर प्रतिवर्ष एक हजार रुपये मानदेय वृद्धि और सेवानिवृत्ति पर आर्थिक सहायता।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विभाग की योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, इसलिए उनकी आर्थिक स्थिति और भविष्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाना चाहिए।

# 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत 4 नवंबर को जशपुर की सड़कों पर उतरेगी भाजपा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

**जशपुर।**भारतीय जनता पार्टी ने 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत जनसंपर्क तेज कर दिया है। अभियान को धार देने के लिए आगामी 4 नवंबर को जशपुर में एक विशाल पदयात्रा निकाली जाएगी। इस बाबत रणनीति तय करने के लिए जिला भाजपा कार्यालय में कार्यसमिति की अहम बैठक संपन्न हुई, जिसमें कांग्रेस की कार्यशैली पर कड़ा प्रहार किया गया।

### कांग्रेस पर निशाना, सत्ता नहीं बल्कि जवाबदेही है लोकतंत्र

सरगुजा संभाग प्रभारी और पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दो टूक कहा कि लोकतंत्र का मतलब सिर्फ सत्ता हासिल करना नहीं है, बल्कि यह जनादेश, संवैधानिक मर्यादाओं और जनता के प्रति जवाबदेही का नाम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इस अभियान को महज आयोजन तक सीमित न रखें, बल्कि हर वर्ग तक इसका संदेश पहुंचाएं। साथ ही, मतदाता सूची की शुद्धता और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर जनसंवाद को भी उन्होंने बेहद जरूरी बताया।

### बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने के निर्देश

जिला संगठन प्रभारी अमर सुल्तानिया ने संगठनात्मक कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान की सफलता कार्यकर्ताओं की जमीनी पकड़ और जनता के बीच निरंतर संवाद पर निर्भर है। उन्होंने मंडल और बूथ स्तर पर सक्रियता, आपसी तालमेल और तय समय-सीमा के भीतर कार्यक्रमों को पूरा करने पर विशेष जोर दिया।

### युवाओं और छात्रों के बीच पैठ बनाने की तैयारी

पदयात्रा के अलावा, भाजपा ने जनता से जुड़ने का विस्तृत खाका तैयार किया है। इसके तहत राष्ट्र चिंतन, प्रबुद्धजनों और प्रमुख नागरिकों से चर्चा, युवाओं व छात्रों से संवाद और उनके बीच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। सोशल मीडिया के जरिए भी जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। बैठक की प्रस्तावना व स्वागत भाषण जिला महामंत्री मुकेश शर्मा ने दिया। संचालन जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल ने और आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव ने किया।

जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश नन्दे, बलरामपुर जिला संगठन प्रभारी ओ म प्र का श सिन्हा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नपा अध्यक्ष अरविंद भगत, नपा अध्यक्ष प्रभात सईदा, नपा उपाध्यक्ष यशप्रताप सिंह जूदेव, जनपद अध्यक्ष सुशीला साय, जनपद अध्यक्ष गायत्री नागेश, कपिल देव साय, आनंद शर्मा, हेमवती भगत, संतोष सिंह, आलोक सारथी, राजकपूर भगत, रीना बरला, पिंकी गुप्ता, अनूप नारायण सिंह, देवधन नायक, दिनेश प्रसाद, गोविन्द भगत, ममता कश्यप, शारदा प्रधान, अनीता सिंह, रजनी, राजू गुप्ता, प्रधान मुकेश सोनी, राजकुमार गुप्ता, अंकित बंसल, हरीश आरिक, हेमन्त बंजारा, प्रभाकर यादव, देवलाल भगत, हदीस अंसारी, मनव्वर आज़ाद, श्यामलाल भगत, दीपक गुप्ता, गणेश जैन, अमन शर्मा, राजा सोनी, संजय गुप्ता, मुनेश्वर सिंह केसर, राजकुमार सिंह, नसरुल्लाह सिद्दीकी, केशव यादव, सरोजिनी सिंह, सुदाम पंडा, विशाल अग्रवाल, प्रतीक सिंह, हरिशंकर यादव, राजकिशोर जायसवाल, गोपाल कश्यप, उमाशंकर भगत, मीना चौहान, काजल राय, कौशल्या यादव, मलिता नायक सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पूर्व भाजयुमो मंडल अध्यक्ष को दी गई श्रद्धांजलि

बैठक के अंत में भाजयुमो जशपुर के पूर्व मंडल अध्यक्ष अभ्युदय मिश्रा के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। उपस्थित सदस्यों ने मौन धारण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक के पश्चात पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, जिला संगठन प्रभारी अमर सुल्तानिया समेत अन्य पदाधिकारियों ने शोकाकुल परिवार के निवास पर जाकर परिजनों से मुलाकात की और अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा अंबिकापुर छ. ग. पिन नं. 497001 से मुद्रित व वार्ड क्र. 10 कुनकुरी जशपुर से प्रकाशित। संपादक - लक्ष्मण सिंह